हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, बुधवार 13 नवंबर 2024



## खबर संक्षेप



### मुख्यमंत्री साय ने की मां चंद्रहासिनी की पूजा

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मंगलवार को सक्ती जिले के चंद्रपुर में विराजित मां चंद्रहासिनी मंदिर में देवी मां के दर्शन के लिए पहुंचे। जहां उन्होंने मंदिर में मां चंद्रहासिनी के दर्शन कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर जांजगीर-चांपा सांसद कमलेश जांगड़े, जिला पंचायत सदस्य टिकेश्वर गबेल, कलेक्टर अमृत विकास तोपनो, पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा सहित अन्य विभिन्न क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि और श्रद्धालु उपस्थित थे।

### सीएम साय ने मुक्तिबोध की जयंती पर किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हिंदी के प्रसिद्ध साहित्यकार गजानन माधव मुक्तिबोध की 13 नवंबर को जयंती पर उन्हें नमन किया है। श्री साय ने कहा, हमारे लिए यह गर्व की बात है कि हिंदी साहित्य के सशक्त हस्ताक्षर और इस युग के महान कवि गजानन माधव मुक्तिबोधजी की कर्मभूमि छत्तीसगढ़ की संस्कारधानी राजनांदगांव रही है। कवि, आलोचक, निबंधकार, कहानीकार तथा उपन्यासकार के रूप में उन्होंने अमूल्य साहित्य की रचना की है। उन्हें आधुनिक हिंदी कविता के अग्रदूतों में से एक माना जाता है। मुख्यमंत्री श्री साय ने श्री गजानन माधव मुक्तिबोध का स्मरण करते हुए कहा कि मुक्तिबोधजी ने साहित्य की अनेक विधाओं में अपनी लेखनी से अमिट छाप छोड़ी है।

### 23 स्कूलों में होगा प्रार्थना शेड का निर्माण

**रायपुर।** राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा के निर्देश पर बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के विभिन्न शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूलों में प्रार्थना शेड निर्माण हेतु 3 करोड़ 79 लाख 45 हज़ार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। जिन शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूलों में प्रार्थना शेड निर्माण के लिए राशि जारी की गई है उनमें ग्राम जरौद के लिए 12 लाख 75 हज़ार रुपए तथा शिकारी केसली, हथबन्द, लटुवा, नवापारा, मोहभट्टा, भटभेरा, खपराडीह, पंडित चक्रपाणि बलौदाबाज़ार, रसेड़ा, चांपा, सलौनी, करमदा, मोहरा और सुहेला सभी स्कूलों के लिए अलग-अलग 18 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है।

# बूथ कमेटियों से प्रारंभ होगा भाजपा का संगठन चुनाव, तैयारी प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश भाजपा में संगठन चुनाव की तैयारी प्रारंभ हो गई है। इसके लिए सभी जिलों में चुनाव अधिकारियों की भी नियुक्ति कर दी गई है। इस माह तीन दिनों बाद सदस्यता अभियान के समाप्त होने के बाद सबसे पहले बूथ कमेटियों का चुनाव होगा, लेकिन इस चुनाव के लिए यह जरूरी है कि बूथ में कम से कम भाजपा के 50 सदस्य होने चाहिए, जिन बूथों में 50 से कम सदस्य होंगे, वहां पर बूथ कमेटियों का चुनाव नहीं हो सकेगा। सदस्यता अभियान में इस बात का खुलासा हुआ है कि भारी संख्या में ऐसे बूथ हैं जहां पर 50 से कम सदस्य बने हैं। इसको लेकर पार्टी ने फरमान जारी किया है कि ऐसे बूथों में सदस्यता अभियान समाप्त होने से पहले हर हाल में 50 सदस्य बना लिए जाए।

भाजपा का राष्ट्रीय स्तर के साथ प्रदेश में भी इस समय सदस्यता अभियान चल रहा है। इस अभियान के 15 नवंबर को समाप्त होने के बाद भाजपा का संगठन चुनाव प्रारंभ होगा। इसको लेकर राष्ट्रीय संगठन ने जहां राष्ट्रीय स्तर पर चुनाव अधिकारी तय कर दिया है, वहीं सभी राज्यों में जिला स्तर पर चुना अधिकारी बना दिए गए हैं।

## सदस्यता अभियान समाप्त होने के बाद प्रारंभ होगी चुनावी प्रक्रिया



### बूथों पर 20 से होगा चुनाव

भाजपा के प्रदेश संगठन के लिए सबसे पहले बूथ स्तर पर चुनाव होगा। प्रदेश में करीब 25 हजार बूथ हैं। भाजपा ने सदस्यता अभियान में हर बूथ में 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है। लेकिन दिल्ली में जो सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक हुई उसमें यह बात सामने आई है कि प्रदेश में सैकड़ों बूथ ऐसे हैं जहां पर 50 से भी कम सदस्य बने हैं। ऐसे बूथों में बूथ कमेटियों का चुनाव ही नहीं हो सकेंगे। भाजपा के पदाधिकारियों का कहना है कि प्रदेश में कई बूथ ऐसे हैं जहां पर मतदाताओं की संख्या बहुत कम है। ऐसे बूथों को छोड़कर ज्यादा संख्या वाले बूथों में हर हाल में सदस्यता अभियान समाप्त होने से पहले 50 सदस्य बनाने के लिए कहा गया है। जहां पर सदस्यता अभियान के बाद भी 50 सदस्य नहीं बन पाएंगे उन बूथों में चुनाव नहीं होगा। बूथों में चुनाव के लिए 20 से 30 नवंबर की समय सीमा तय की गई है। इसके बाद मंडल और फिर जिलों में चुनाव होंगे। अंत में प्रदेशाध्यक्ष का फैसला होगा। सभी राज्यों में प्रदेश संगठन के चुनाव के बाद अगले साल जनवरी में राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होगा।

## कल से होगी धान खरीदी

# सहकारी सोसाइटी कर्मियों की हड़ताल खत्म, 25 % वेतनवृद्धि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी 14 नवंबर से शुरू होगी। इससे पहले अपनी मांगों को लेकर हड़ताल कर रहे प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के कर्मचारियों की आठ दिनों से चल रही हड़ताल भी समाप्त हो गई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के समक्ष मंगलवार को विभागीय अधिकारियों और सोसाइटियों के प्रबंधकों के बीच चर्चा हुई। मुख्यमंत्री की पहल पर पिछले छह साल से लंबित वेतन वृद्धि की मांग मानी गई है। अब समिति कर्मियों के वेतन में 25 प्रतिशत वृद्धि की गई है। दो अन्य मांगों के लिए अंतरर्विभागीय समति का गठन किया गया है।

राज्य में इस साल न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए 25 लाख 75 हजार किसानों का पंजीयन किया गया है। सरकार ने इस खरीफ सीजन में 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का अब तक का सबसे बड़ा लक्ष्य तय किया है। हालांकि पिछले दिनों 4 नवंबर से 2058 सोसायटियों के हजारों कर्मियों के हड़ताल पर चले जाने से धान खरीदी समय पर शुरू हो पाने को लेकर संशय की स्थिति बनी थी, लेकिन अब सरकार के साथ सफल बातचीत होने के बाद संशय खत्म हो गया है।

### पंजीयक ने जारी किया आदेश

सोसायटी कर्मियों की हड़ताल के संबंध में आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएं द्वारा आदेश जारी किया गया है। आदेश में कहा गया है कि प्रदेश में कार्यरत प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटियों के सेवायुक्तों के लिए सावा नियम 2018 में आवश्यक संशोधन करने के लिए गठित कमेटी की रिपोर्ट से यह सामाधान हो गया है कि सोसाइटियों के सेवायुक्तों के लिए वर्तमान में प्रभावशील सेवा नियम 2018 में कतिपय संशोधन आवश्यक एवं वांछनीय है। आदेश में सेवा नियम 2018 में संशोधन की बात कही गई है।

### सोसाइटी कर्मियों ने जताया सीएम का आभार

हड़ताल समाप्त होने के बाद समिति कर्मचारी संघ ने एक बयान जारी कर कहा है कि मुख्यमंत्री जी की संवेदनशील पहल से समिति प्रबंधकों की हड़ताल समाप्त हुआ। संघ की मुख्य मांगों के निराकरण के लिए मुख्यमंत्री जी के आश्वासन पर सहकारिता विभाग द्वारा सकारात्मक पहल कर त्वरित कार्यवाही से संघ संतुष्ट है। संघ ने मुख्यमंत्री, सहकारिता मंत्री, सहकारिता पंजीयक, एवं खाद्य विभाग के अपर मुख्य सचिव के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है।

### धान खरीदी की तैयारी पूरी

## खाद्यमंत्री ने की समीक्षा, अब समितियों में राशि निकालने के लिए माइक्रो एटीएम

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में 14 नवंबर से धान खरीदी के लिए तैयारियां पूरी हो गई हैं। खाद्यमंत्री दयालदास बघेल ने मंगलवार को वरिष्ठ अधिकारियों के साथ तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा है कि प्रदेश के किसानों से धान खरीदी की योजना हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। बैठक में अपर मुख्य सचिव ने अवगत कराया कि धान उपार्जन के संबंध में संपूर्ण तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। राज्य में 2739 उपार्जन केन्द्रों में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान क्रय किया जायेगा। समितियों में धान बिक्री की राशि निकालने के लिए माइक्रो एटीएम की व्यवस्था की गई है।

**27 लाख से अधिक किसानों का पंजीयन**

खाद्य मंत्री श्री बघेल ने बताया कि इस खरीफ सीजन के लिए प्रदेश में पंजीकृत कुषकों की संख्या 27,01,109 है। इस वर्ष 1,35,891 नये किसान पंजीकृत हुए हैं, जिससे 1,36,263 हेक्टेयर नवीन रक्बों का पंजीयन किया गया है। कुल 34,51,729 हेक्टेयर रक्बे में पंजीयन अनुसार धान उपार्जन का अनुमान है। सभी उपार्जन केन्द्रों में बायोमैट्रिक डिवाईस के माध्यम से उपार्जन की व्यवस्था की गई है। छोटे, सीमांत और बडे कृषकों के द्वारा उपजाये गए धान को निर्धारित समर्थन मूल्य में खरीदा जाएगा। इसके लिए 07 नवंबर से ही टोकन आवेदन की व्यवस्था आरंभ कर दी गई है।

# किरण देव का दावा- रायपुर दक्षिण में भाजपा की होगी जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने दावा किया है कि रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी भारी बहुमत से जीतकर जीत का नया रिकॉर्ड बनाने जा रहे हैं।

श्री देव ने कहा, केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार ने पिछले 10 माह के कार्यकाल में जो बेमिसाल काम करके उपलब्धियां अर्जित की हैं, उससे जनता-जनार्दन में भाजपा के प्रति यह विश्वास और दृढ़तर हुआ है कि भाजपा जो कहती है, वह करती है। श्री देव ने कहा, 1990 से 2023 तक राजधानी की जनता-जनार्दन ने लगातार आठ विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी पर विश्वास व्यक्त किया है और उत्तरोत्तर बढ़ते अंतर के साथ विधायक के तौर पर बृजमोहन अग्रवाल ने जीत का कीर्तिमान रचा है। श्री अग्रवाल के कार्यकाल के साढ़े तीन दशक की अवधि में विकास के अनेक काम किए गए और आगे भी भाजपा विकास करने के लिए प्रतिबद्ध है। 2023 में सत्ता में आते ही छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार ने कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर सुशासन से समृद्धि का द्वार खोला। प्रदेश में सुरक्षा, शांति और भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराके प्रदेश में कानून का राज स्थापित करने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। जिस तेजी के साथ प्रदेश की भाजपा सरकार ने 'मोदी की गारंटी' के तहत किए गए वादों पर अमल किया है, उससे प्रदेश की जनता में भाजपा सरकार के प्रति विश्वास और अधिक गहरा हुआ है और इसका परिणाम भाजपा की शानदार जीत के रूप में 23 नवंबर को प्रदेश देखेगा।

# नुआखाई पर अवकाश के लिए मुख्यमंत्री का आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



विधायक पुरंदर मिश्रा ने प्रदेश सरकार द्वारा ऋषि पंचमी को नुआखाई के दिन हर वर्ष छत्तीसगढ़ के उत्कल बहुल जिलों में स्थानीय अवकाश घोषित करने के लिए जिला कलेक्टर्स को निर्देशित करने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है। श्री मिश्रा ने कहा, पिछले अगस्त में इस संबंध में मुख्यमंत्री श्री साय को उन्होंने छत्तीसगढ़ प्रदेश उड़िया समाज द्वारा प्रस्तुत आवेदन के साथ पत्र लिखकर नुआखाई पर्व पर शासकीय अवकाश घोषित करने के लिए निवेदन किया था।

श्री मिश्रा ने एकात्म परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया, छत्तीसगढ़ एक उड़िया भाषा-भाषी बहुल प्रदेश है एवं उडिया समाज अनादिकाल से अपनी अभिन्न संस्कृति, परंपराओं और रीति-रिवाजों को संवर्धित और संरक्षित करने के लिए जाना जाता है। श्री मिश्रा ने कहा, नुआखाई पर्व उड़िया समाज का परंपरागत प्रमुख लोक त्यौहार है। यह पर्व नई फसल के आगमन खुशी में उड़िया समाज बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ मनाता है। इस दिन नई फसल से भोग बनाकर कई प्रकार के व्यजंनों के साथ छत्तीसगढ़ के लोग अपने ईष्ट देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना करते है एवं परंपरागत रूप से किसानों का आभार व्यक्त करते हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में छत्तीसगढ़ प्रदेश उड़िया समाज द्वारा शासकीय अवकाश घोषित करने का अनुरोध किया गया था।

## नई औद्योगिक नीति का विमोचन 14 को करेंगे सीएम साय

*रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 14 नवम्बर को शाम 6.30 बजे नवा रायपुर अटल नगर स्थित मेफेयर लेक रिसार्ट में आयोजित कार्यक्रम में राज्य की नई औद्योगिक विकास नीति 2024-30 का विमोचन करेंगे। उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। उप मुख्यमंत्री द्वय अरुण साव और विजय शर्मा कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में कृषि मंत्री रामविचार नेताम, खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, खेल मंत्री टंकराम वर्मा, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। उल्लेखनीय है कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नीति का विमोचन 12 नवंबर को किया जाना था।*

# आईजी ने की समीक्षा, अपराधों पर अंकुश लगाने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



पुलिस महानिरीक्षक अमरेश मिश्रा ने मंगलवार को रेंज जिलों के महिला थाना, सेल एवं अजाक थाना के पर्यवेक्षण एवं प्रभारी अधिकारियों की बैठक लेकर अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग से संबंधित एवं महिला संबंधी लंबित अपराध एवं शिकायतों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने अपराधों पर अंकुश लगाने के साथ महिला एवं बच्चों की सुरक्षा को लेकर अधिकारियों को विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय में हुई बैठक में आईजी ने पर्यवेक्षण अधिकारियों एवं प्रभारी अधिकारियों को कुशल पर्यवेक्षण कर एवं प्रबंधन क्षमता विकसित कर अपराध एवं शिकायतों के त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा शिकायतकर्ता के साथ संवेदनशील व्यवहार करने, परिवार परामर्श केंद्र में शिकायतों के सार्थक एवं शीघ्र निराकरण के लिए तकनीकी संसाधनों जैसे वीडियो कांफ्रेंसिंग आदि का उपयोग कर अन्य राज्यों या दूरस्थ स्थानों में निवासरत पक्षों को शामिल कर परामर्श कराए जाने के भी निर्देश दिए।

### अपराधों पर अंकुश लगाने कार्ययोजना बनाई जाएगी

आईजी ने बैठक में अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने कहा कि अपराधों पर अंकुश लगाने ऐसी कार्य योजना बनाएं जो कारगर साबित हो। इसके साथ ही उन्होंने शैक्षणिक संस्थानों में जनजागरूकता अभियान चलाए जाने के लिए भी कहा। बैठक में जिला रायपुर, महासमुंद, बलौदाबाजार, धमतरी एवं गरियाबंद के राजपत्रित अधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार क्रेता के द्वारा विक्रेता श्री बल्दूराम ध्रुव, पिता श्री लतेल ध्रुव, निवासी मकान नं 91, वार्ड नं. 8, ग्राम कांदूल, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. 492013 वाले के स्वामित्व व आधिपत्य की व्यपवर्तित भूमि जो कि वाके मौजा-ग्राम-कांदूल, प.ह.नं. 00083, रा.नि.मं.- रायपुर-18-कांदुल, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) है जिसका खसरा नं. 170/1 का भाग, रकबा-1000 वर्गफुट भूमि है, उक्त सम्पत्ति को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर दी गई है बयाना राशि का भुगतान किया जा चुका है एवं विक्रय पंजीयन की कार्यवाही किया जाना शेष है।

अतः उपरोक्त सौदे एवं संव्यवहार के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निगम, शासकीय व अशासकीय विभाग या अन्य किसी को कोई उजर, दावा या आपत्ति हो अथवा उक्त सम्पत्ति या उसके किसी भी भाग पर किसी प्रकार का स्वत्व, हक, अधिकार या भार हो तो वे इस आम सूचना प्रकाशन के दिनांक से 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति लिखित में सुसंगत दस्तावेजो के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत करें एवं आम सूचना का खंडन किसी भी दैनिक समाचार पत्र में स्वीकार नही किया जायेगा। यह कि उक्त समयवधि के अवसान पश्चात मेरे पक्षकार के द्वारा उक्त वर्णित सम्पत्ति के विक्रय विलेख का निष्पादन व पंजीयन अपने पक्ष में करा लिया जावेगा तत्पश्चात प्रस्तुत की गई किसी भी प्रकार की उजर, दावा एवं आपत्ति आदि असत्य झूठा एवं सारहीन माना जावेगा तथा ऐसा आपत्ति मेरे पक्षकार के ऊपर मान्य एवं बंधनकारी नही होगा। सो सूचना जाने।

स्थान - रायपुर छ.ग.
दिनांक 12/11/2024

(गीतेश कुमार बैस) अधिवक्ता
साहू काम्पलेक्स, टिकरापारा, रायपुर छ.ग.
मो.नं. 98274-62029, 90090-57851

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-16, सारागांव तहसील धरसींवा, जिला रायपुर**
**सीमांकन के संबंध में आम सूचना**

दिनांक 04.11.2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका रामेश्वर सिंह ठाकुर पिता स्व. टहल सिंह ठाकुर निवासी थाने, महाराष्ट्र द्वारा आवेदित ग्राम टेकारी प.ह.नं. 23 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर 16 सारागांव स्थित खसरा नंबर 23/2, 23/6 रकबा 1.9960 हे., 1.0110 हे. का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार धरसींवा के आदेश दिनांक 10.10.2024 के परिपालन में दिनांक 14.11.2024 को समय 12:00 के पश्चात किया जाना है। अतः उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा आपत्ति हो वे उक्त दिनांक/समय तक पटवारी हल्का नंबर 23 के बरौदा स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद में किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा। अतः सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं. रायपुर-16 (सारागांव)

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-16, सारागांव तहसील धरसींवा, जिला रायपुर**
**सीमांकन के संबंध में आम सूचना**

दिनांक 04.11.2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका अविनाश पिता ऐश्वर्या वगैरह द्वारा आवेदित ग्राम टेकारी प.ह.नं. 23 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर 16 सारागांव स्थित खसरा नंबर 23/3 रकबा 2.2110 हे. का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार धरसींवा के आदेश दिनांक 10.10.2024 के परिपालन में दिनांक 14.11.2024 को समय 12:00 के पश्चात किया जाना है। अतः उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा आपत्ति हो वे उक्त दिनांक/समय तक पटवारी हल्का नंबर 23 के बरौदा स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद में किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा। अतः सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं. रायपुर-16 (सारागांव)

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-16, सारागांव तहसील धरसींवा, जिला रायपुर**
**सीमांकन के संबंध में आम सूचना**

दिनांक 04.11.2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका रणजीत सिंह पिता मयाराम ठाकुर निवासी टेकारी द्वारा आवेदित ग्राम टेकारी प.ह.नं. 23 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर 16 सारागांव स्थित खसरा नंबर 23/4, 32/2 रकबा 0.8820 हे., 2.0760 हे. का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार धरसींवा के आदेश दिनांक 10.10.2024 के परिपालन में दिनांक 14.11.2024 को समय 12:00 के पश्चात किया जाना है। अतः उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा आपत्ति हो वे उक्त दिनांक/समय तक पटवारी हल्का नंबर 23 के बरौदा स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद में किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा। अतः सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं. रायपुर-16 (सारागांव)

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
▸ श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▸ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▸ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
47 TRUST | 130+ EXPERIENCE CENTRES PAN INDIA
PHILIPS | REXTON HEARING AIDS AVAILABLE
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं: मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

हरिभूमि
# रायपुर भूमि



- दक्षिण के उप चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग की तैयारियां पूरी
- सुबह 7 से शाम 6 बजे तक होगा मतदान

**23 को परिणाम**

मतदान के लिए इस बार सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान की सुविधा दी जा रही है। मतदान के बाद सभी दल सेजबहार स्थित स्ट्रांग रूम में देर रात तक अपनी सामग्रियां जमा करेंगे। वहीं, उपचुनाव के परिणाम 23 नवंबर को सामने आएंगे।



# फूलों की माला से स्वागत, मतदान केंद्रों में पहुंचे दल, इलाका सील, शराब दुकानें बंद, कड़ी चौकसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के लिए सभी मतदान दल मतदान केंद्रों में पहुंच चुके हैं। जिला प्रशासन की ओर से मतदान की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मतदान दल को निर्वाचन सामग्री का वितरण किया गया और साथ ही स्ट्रॉग रूम से सामग्री को गाड़ी तक पहुंचाने के लिए मतदान दल को ट्रॉली उपलब्ध कराई गई। मतदान दलों के साथ सुरक्षा बल के जवान और अन्य सहायक कर्मचारियों को रवाना किया गया। इधर, इलाके की शराब दुकानें सील कर दी गईं। मतदान के लिए कल अवकाश ▶▶शेष पेज 14 पर



**फूलों की माला पहना कर किया रवाना**

सामान्य प्रेक्षक जी रेखा रानी और कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ गौरव सिंह ने फूलों की माला पहनाकर स्वागत कर सेजबहार स्थित शासकीय इंजीनियरिंग कालेज से मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया। रायपुर दक्षिण ▶▶शेष पेज 14 पर

## खबर संक्षेप



### ई-रिक्शा पर निकला शराब बेचने, गिरफ्तार

**रायपुर।** मंदिर हसौद पुलिस ने ई-रिक्शा पर शराब बेचते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को 12 नवंबर को दोपहर में मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम गोढ़ी गोठान के पास एक व्यक्ति ई-रिक्शा पर शराब बेच रहा है। इसके बाद पुलिस तत्काल मौके पर पहुंचकर ई-रिक्शा चालक दीपक सिंह निवासी ग्राम गोढ़ी थाना मंदिर हसौद को गिरफ्तार कर ई-रिक्शा से 90 पौवा देशी शराब बरामद करते हुए जब्ती बनाई है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### पुलिस के अभियान में धरे गए आधा दर्जन नशेड़ी

**रायपुर।** राजधानी पुलिस लगातार नशेड़ियों के विरुद्ध अभियान चला रही है। इसके तहत मंगलवार को पुलिस ने सार्वजनिक जगहों पर शराब पीते आधा दर्जन नशेड़ियों को गिरफ्तार किया है। गुढ़ियारी पुलिस ने अशोक नगर से दुर्गेश साहू, टिकरापारा पुलिस ने सोनू निषाद, नेवरा पुलिस ने राहुल साहू, विधानसभा पुलिस ने राजकुमार साहू, आरंग पुलिस ने संतोष लोधी एवं मोहित कन्नौजे को गिरफ्तार किया है। ये सभी आरोपी सार्वजनिक जगहों पर शराब पीते पकड़े गए।

### एक ही दिन में दो जगहों से दोपहिया पार

**रायपुर।** राजधानी में दोपहिया वाहन चोरी की घटनाएं भी बढ़ने लगी हैं। शहर में एक ही दिन में दो वाहनों की चोरी हो गई, जिसकी रिपोर्ट तेलीबांधा और गुढ़ियारी थाने में दर्ज कराई गई है। पहली घटना में ब्रह्मदेव नगर लभांडी निवासी प्रार्थी सागर कुमार साहू ने दर्ज कराई है। अज्ञात आरोपी लभांडी शराब दुकान के पास खड़े उसके वाहन को चोरी कर ले गया। दूसरी घटना में रामनगर गुढ़ियारी निवासी महेंद्र कुमार साहू ने अपने दोपहिया वाहन को कलर्स मॉल के सामने पार्क किया था। इस दौरान कोई अज्ञात चोर उसे चोरी कर ले गया। पुलिस ने दोनों मामलों में अज्ञात चोरों के विरुद्ध अपराध दर्ज किया है।

आरंग जिले के गौरभाट गांव का मामला, सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद खुला मामला

# विभाग ने नहीं कराई नीलामी, ग्रामीणों ने एक करोड़ में बेच दिया रेत घाट, मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

आरंग जिले के ग्राम गौरभाट की रेत खदान को अवैध रूप से नीलामी करने का मामला सामने आया है। गांव की बस्ती में रहने वाले कथित लोगों ने खदान की नीलामी के लिए बैठक बुलाई थी। इस बैठक में कई लोगों ने बढ़-चढ़कर बोली भी लगाई। सबसे ज्यादा एक करोड़ रुपए से अधिक की बोली लगाने वाले को इस खदान का ठेका भी दे दिया गया। इधर खदान की नीलामी की सूचना मिलने पर प्रशासन एवं खनिज विभाग के अफसरों में हड़कंप मचा हुआ है। अधिकारियों का कहना है कि सोशल मीडिया से इसकी जानकारी उन्हें मिली है। अगर इस तरह की कोई नीलामी की गई, तो यह अवैध है और ऐसा करने वाले के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। ▶▶शेष पेज 14 पर

### नीलामी बैठक का वीडियो वायरल

गांव में रेत खदान की नीलामी करने का एक विडियो वायरल हुआ है। इस विडियो में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए हैं। इस विडियो में एक व्यक्ति मॉइक से नीलामी की प्रक्रिया का संचालन करता भी दिखाई दे रहा है। इस विडियो को गांव के ही किसी व्यक्ति ने सोशल मीडिया में वायरल किया है, जिसके बाद यह पूरा मामला सामने आया है। सूत्रों के अनुसार गौरभाट रेत खदान की नीलामी के लिए ऊंची बोली लगवाई गई है। सबसे ज्यादा बोली लगाने वाले को खदान का ठेका दिया गया है। कोई भी रेत खदान की नीलामी का काम खनिज विभाग द्वारा किया जाता है, लेकिन गांव के लोगों ने अवैध रूप से ही रेत खदान की नीलामी कर दी है।



**सोशल मीडिया से पता चला**

गौरभाट रेत खदान की नीलामी की जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से हुई है। इस संबंध में खनिज विभाग के अफसर को सूचना दे दी गई है। मामले की जांच और कार्रवाई विभाग करेगा।
- **सीता शुक्ला,** तहसीलदार, आरंग

**जांच कराएंगे**

इस मामले की जांच कराई जाएगी। जांच में नीलामी का विडियो सही पाया गया, तो कार्रवाई भी की जाएगी।
- **डा. गौरव सिंह,** कलेक्टर रायपुर

### विवाद में रही है खदान, विरोध के कारण नहीं हो पाई थी नीलामी

गौरभाट रेत खदान शुरू से विवाद में रही है। सूत्रों के अनुसार पिछली बार इस खदान की खनिज विभाग द्वारा नीलामी की गई थी, लेकिन इस बार नीलामी नहीं की गई है। नीलामी नहीं करने का कारण भी बस्तीवासी हैं, जिनके द्वारा विरोध करने के कारण इसकी नीलामी नहीं हो पाई है। सूत्रों की मानें, तो बस्तीवासियों ने खदान की नीलामी करने के लिए शर्त रखी थी। इस शर्त में गांव के विकास के लिए मोटी रकम की डिमांड की जा रही थी। विभागीय अफसरों ने इस शर्त को पूरा करने से इनकार कर दिया था, जिसके बाद बस्तीवासी खदान की नीलामी के विरोध में उतर आए थे। इस विरोध के कारण ही इस खदान की नीलामी नहीं हो पाई है। हालांकि विभागीय अधिकारी द्वारा बस्तीवासियों द्वारा इस तरह की शर्त रखे जाने से इनकार किया जा रहा है। उनका कहना है कि खदान में पानी का भराव होने के कारण इसकी नीलामी नहीं की गई थी।

# सुरक्षा घेरे में मतदान केंद्र सीआरपीएफ के साथ 5 सौ स्थानीय पुलिस जवान भी तैनात



दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के लिए मतदान बुधवार को पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच होगा। 266 मतदान केंद्रों में वोटिंग होगी। इसके लिए मंगलवार को मतदान दलों को चुनाव सामग्री वितरण कर उन्हें अपने-अपने बूथों के लिए रवाना भी कर दिया गया है। हालांकि मतदान केंद्रों को 11 नवंबर की शाम से ही पुलिस सुरक्षा घेरे में ले चुकी है। सीआरपीएफ जवानों की इसी दिन मतदान केंद्रों में तैनाती हो चुकी है, वहीं मंगलवार को स्थानीय पुलिस जवानों की भी तैनाती कर दी गई है। पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के अनुसार मतदान केंद्रों में पांच सौ स्थानीय पुलिस जवानों की ड्यूटी लगाई गई है।

- पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था के बीच होगा आज मतदान

### प्रत्येक मतदान केंद्र में 2 सीआरपीएफ समेत 4 से 5 पुलिस जवान रहेंगे तैनात

एसएसपी संतोष सिंह ने बताया कि उपचुनाव के लिए सीआरपीएफ के 5 सौ जवानों का दल आया हुआ है। इस दल के अलावा 5 सौ या उससे अधिक स्थानीय पुलिस जवानों की भी ड्यूटी मतदान केंद्रों में लगाई गई है। इस तरह प्रत्येक मतदान केंद्र में सीआरपीएफ के 2 जवान एवं 2 स्थानीय पुलिस के जवान तैनात रहेंगे। कुछ संवेदनशील इलाकों के ▶▶शेष पेज 14 पर

# रविवि के सामने दर्दनाक हादसा, फार्मेसी छात्रा को आटो ने दूर तक घसीटा, कट गया दाहिना पैर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

आटो वाले की लापरवाही का खामियाजा फार्मेसी का छात्रा को अपना पैर देकर चुकाना पड़ेगा। रविवि के सामने दोपहर छात्रा की मोपेड को टक्कर मारकर आटो ने उसे दूर तक घसीटा, जिससे छात्रा का दाहिना पैर कटकर अलग हो गया। सरस्वती नगर थाने की पुलिस खून से लथपथ 21 साल की छात्रा और उसका कटा पैर लेकर एम्स पहुंची, जहां उसका इलाज चल रहा है।

घटना दोपहर डेढ़ बजे के आसपास की है। उस वक्त रविवि के सामने काफी संख्या में वाहनों की आवाजाही हो रही थी। संतोषी नगर में रहने वाली 21 साल की प्रियंका प्रजापति अपनी सहेली पूजा के साथ मोपेड पर अपने रॉयल फार्मेसी कालेज से समोसा खाने के लिए विश्वविद्यालय के सामने स्थित होटल जा रही थी। बताया जाता है कि पीछे से तूफानी रफ्तार में आ रहे नीले रंग के आटो ने उनकी मोपेड को ठोकर मारी। पूजा गाड़ी सहित गिर पड़ी और पीछे बैठी प्रियंका का पैर आटो में फंस गया। वह चीखती-चिल्लाती रही, मगर चालक ने आटो रोकने के ▶▶शेष पेज 14 पर

**आटो वाले की लापरवाही का खामियाजा जीवनभर भुगतेगी छात्रा**



- खून से लथपथ छात्रा और कटे पैर लेकर एम्स पहुंची पुलिस टीम

**तलाश जारी है**

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम वहां पहुंची और घायल छात्रा और उसके कट चुके पैर को लेकर एम्स गई। आरोपी आटो चालक की तलाश की जा रही है।
- **रविंद्र यादव,** थाना प्रभारी, सरस्वती नगर

### ई-आटो होने की आशंका

पुलिस घटना को अंजाम देने के बाद फरार आटो चालक की पहचान का प्रयास कर रही है। इसके लिए घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी को खंगाला जा रहा है। आशंका जताई जा रही है कि नीले रंग का आटो ई-व्हीकल होगा। इसके साथ आसपास भी पूछताछ की जा रही है। शहर की सड़कों पर काफी संख्या में ई-आटो दौड़ रहे हैं और इनकी अनियंत्रित रफ्तार कई बार हादसे की वजह बन रही है।

राजनांदगांव में 29 साल की महिला चिकित्सक की मौत ने बढ़ाई चिंता

# कम उम्र में दिल हो रहा कमजोर, बढ़ा हार्ट अटैक का जोखिम, बदलती लाइफ स्टाइल बड़ी जिम्मेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

बदलती और व्यस्त जीवनशैली कम उम्र में भी हार्ट अटैक का जोखिम बढ़ा रही है। पहले पचास साल की उम्र के बाद इस बीमारी की आशंका होती थी, मगर अब कम उम्र के लोग भी इसका शिकार होने लगे हैं। चिकित्सकों का मानना है कि आनुवांशिक कारणों के साथ अनियंत्रित खानपान और बढ़ता मानसिक तनाव इसके लिए बड़ा जिम्मेदार है। जान गंवाने वाली 29 साल की युवा चिकित्सक को हार्ट अटैक आने ▶▶शेष पेज 14 पर

**आनुवांशिक कारणों के साथ अनियंत्रित खानपान भी बढ़ा रहा हृदय की बीमारी**

**लक्षण:** सीने में दर्द, सांस लेने में दिक्कत, थकान अथवा चक्कर आना, पैरों में सूजन।


**बचाव:** स्वस्थ आहार, नियमित व्यायाम, कम तनाव, नशे से दूरी, बीपी की नियमित जांच।



**नियंत्रित जीवन शैली जरूरी:** आंबेडकर अस्पताल के हार्ट सर्जन डॉ. कृष्णकांत साहू के मुताबिक लोगों की फिजिकल एक्टिविटी कम हुई है। इसके साथ अनियमित तरीके का खानपान, नशे की लत हृदय की बीमारियों को बढ़ावा देता है। इससे बचाव के लिए नियंत्रित जीवनशैली अपनाना जरूरी है। पुरुषों में नशे की लत तथा खानपान की लापरवाही इस समस्या का कारण बनती है, जबकि महिलाओं में ज्यादातर आनुवांशिक बीमारी अथवा अनियमित धड़कन इसकी वजह बनती है।

### महिलाओं में जोखिम ज्यादा

एडवांस कार्डियक इंस्टिट्यूट के वरिष्ठ कार्डियोलॉजिस्ट एवं विभागाध्यक्ष डा. स्मित श्रीवास्तव के अनुसार पुरुषों की तुलना में महिलाओं में हार्ट अटैक का जोखिम अधिक होता है। पुरुष किसी तरह की शारीरिक समस्या होने पर अस्पताल पहुंच जाते हैं, मगर महिलाएं इस ओर कम ध्यान देती हैं, जो बाद में बड़ी दिक्कत का कारण बन जाता है। बीमारी, खानपान के साथ कई बार बढ़ता प्रदूषण भी हृदय रोग का कारण बन जाता है। इस तरह जोखिम से बचने के लिए नियमित जांच कराना आवश्यक है।



## लाइव इवेंट

### महिलाओं को जेंडर भेद-हिंसा से बचाने बदलनी होगी सोच, तभी होगा बदलाव



**रायपुर।** महिलाओं को घरेलू हिंसा से बचाने और सुरक्षा को महत्व देने के साथ जेंडर से जुड़े मुद्दों को लेकर जागरूकता बढ़ाने की जरूरत है। जेंडर समानता के लिए होने वाले प्रयास में पुरुषों को भी जोड़ना चाहिए। सभी विभाग तालमेल बनाकर समान रूप से जब काम करेंगे, तभी सामाजिक सोच में बदलाव आएगा। यह बात चैतन्य संस्था द्वारा रायपुर के पंडरी स्थित होटल में आयोजित जेंडर रिसोर्स पर केंद्रित कार्यशाला में डीआईजी मिलना कुर्रे ने कही। इसके बाद छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के प्रबंध निदेशक रविंद्र जायसवाल ने इस बात पर जोर दिया कि महिलाओं से भेदभाव समाज के व्यवहार व विचारों में गहराई तक समाया है। इसे महिलाओं ने आत्मसात कर लिया है। इसे बदलने के लिए सभी को अपनी सोच में बदलाव लाना होगा।

#### 75% मामलों का किया समाधान

चैतन्य वाइज संस्था की कार्यकारी निदेशक कल्पना पंत ने बताया कि 2022 में पुलिस और बिहान कार्यक्रम के तहत वर्कशाप किया गया था। जिसके बाद तीन पुलिस थानों (बिरेझार, बखरा और कुरुद) में जेंडर रिसोर्स सेंटर शुरू किया गया था। साथ ही 25 अन्य जेंडर रिसोर्स सेंटर भी बिहान द्वारा विभिन्न जिलों में स्थापित किए गए हैं। जहां जेंडर समानता और घरेलू हिंसा के मुद्दों पर काम किया जा रहा है। इन केंद्रों के माध्यम से पिछले कुछ वर्षों में 750 से अधिक घरेलू हिंसा के मामले दर्ज हुए हैं। इनमें से 75% मामलों का समाधान पुलिस और न्यायालय में गए बिना ही किया गया।

#### महिलाओं का स्वावलंबी होना जरूरी

वर्कशाप में पहल-एक नई दिशा की ओर नामक फिल्म का शुभारंभ अतिथियों ने किया। इसमें जेंडर रिसोर्स सेंटरों द्वारा घरेलू हिंसा को कैसे सुलझाया जाए, इस पर विभागों की भूमिका पर प्रकाश डाला गया। टाटा सामाजिक विज्ञान संस्थान हैदराबाद के पब्लिक पॉलिसी और गवर्नेंस सेंटर के विद्यार्थियों ने एक शोधपत्र प्रस्तुत किया। इसमें जेंडर ट्रांसफॉर्मेटिव दृष्टिकोण पर आधारित सिफारिशें दी गईं। महिला एवं बाल विकास विभाग के अभय सिंह ने कहा कि महिला हिंसा रोकने के लिए महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण और स्वावलंबी होना जरूरी है। धन्यवाद ज्ञापन सुधा कडव ने किया।

## सर्दियों में घूमने छत्तीसगढ़ का जशपुर और मैनपाट पहली पसंद, दूसरे राज्यों के हिल स्टेशन की बढ़ी पूछपरख

# अचानकमार में शेर की दहाड़ से पर्यटक रोमांचित, क्रिसमस और नए साल के लिए उत्तराखंड-हिमाचल का भी क्रेज

ठंड बढ़ने के साथ प्रदेश के पर्यटन स्थल पर्यटकों से गुलजार होने लगे हैं। बरसात और गर्मी की तुलना में नवंबर से जनवरी के बीच ठंड में ज्यादातर लोग हिल स्टेशन और जंगलों के भ्रमण के लिए पहुंचते हैं। नवंबर से जंगल खुलने के बाद अचानकमार और कांगेर वैली में बड़ी संख्या में लोग ओपन सफारी का आनंद लेने पहुंच रहे हैं। अचानकमार में शेर की दहाड़ और हिरणों का झुंड पर्यटकों को रोमांचित करने लगा है। दूसरी ओर बारनवापारा में भी तेंदुआ दिखाई देने लगा है।

**रायपुर।** इन दिनों सर्दियों में जंगल भ्रमण को लेकर बुकिंग और पर्यटकों की संख्या अधिक है। हरिभूमि ने ठंड में सर्वाधिक पर्यटकों के पसंदीदा स्थल जानने वन और पर्यटन विभाग के अलावा ट्रैवल एजेंसीज से बातचीत की। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में इस विंटर सीजन पर हिल स्टेशन, जंगलों में एडवेंचर और कैंप ट्रिप पहली पसंद बने हुए हैं। ट्रैवल एजेंसी के मुताबिक, प्रदेश के बाहर उत्तराखंड की लंढौर सिटी के लिए पर्यटक बुकिंग करा रहे हैं। पहाड़ों पर बसे होने के कारण यह शहर लोगों को विदेश में होने का एहसास कराता है। इस वजह से रायपुर से हर साल बड़ी संख्या में पर्यटक वहां जाते हैं। उत्तराखंड के अलावा हिमाचल व कश्मीर घूमने नए साल के लिए सर्वाधिक बुकिंग मिली है।




#### वीजा फ्री देश को पहली प्राथमिकता

नए साल में घूमने के लिए दूसरे राज्यों के हिल स्टेशन के साथ विदेश जाने का भी मन बना लिया है। विदेश यात्रा के लिए पर्यटक ऐसे देश जाने चाहते हैं, जहां भारतीयों के लिए वीजा फ्री है। उन्होंने बताया कि ठंड और प्रकृति के बीच ज्यादातर लोग नए साल का स्वागत करना चाहते हैं, इसे लेकर दर्जनभर से अधिक लोगों ने मनाली और कसोल के लिए दिल्ली और मुंबई से फ्लाइट बुकिंग कराई है। रायपुर से दिल्ली की बुकिंग अधिक मिली है, क्योंकि शिमला जाने फ्लाइट और ट्रेन की सुविधा नहीं है। नए साल को खास बनाने प्रदेश से कई लोग दूसरे राज्यों में घूमने का प्लान बना रहे हैं। नई जगह पर जाने ट्रैवल्स एजेंसी की मदद ले रहे हैं। ग्रुप ट्रिप में ज्यादातर लोग कश्मीर और हिमाचल जाना पसंद कर रहे हैं। यहां जाने के लिए पूछपरख बढ़ गई है। इसके अलावा लेह लद्दाख, अरकू वैली, दार्जिलिंग और जोधपुर सिटी के लिए बुकिंग करा रहे हैं।

#### अचानकमार और बार नवापारा में जिप्सी भ्रमण का रोमांच

छत्तीसगढ़ के सर्वाधिक पर्यटक इस विंटर सीजन में जंगलों का भ्रमण करना चाहते हैं। इसके लिए अचानकमार टाइगर रिजर्व में बना वन विभाग का बैगा रिसोर्ट क्रिसमस के लिए बुक होने लगा है। यहां हरियाली और खुली में जिप्सी भ्रमण का रोमांच और वन्यप्राणियों का विचरण करीब से देखा जा सकता है। इस तरह जंगलों से घिरे बार नवापारा में भी ठंड अधिक पड़ती है। ठंड में यहां जितनी सुहानी शाम होती है, उतनी ही सुबह। इस वजह से पर्यटकों को बार नवापारा घूमना खूब भाता है। यहां नवंबर और दिसंबर में शनिवार, रविवार को रिसोर्ट अभी से ज्यादातर बुक हो चुके हैं।



#### मैनपाट में ठंड के साथ बढ़ी बुकिंग

ठंड के साथ ही मैनपाट एक बार फिर छत्तीसगढ़ का शिमला बन चुका है। यहां पहाड़ों पर पर्यटन के साथ प्राइवेट होटल की भी सुविधा है। पर्यटन विभाग के मुताबिक, कमलेश्वरपुर में नए रिसोर्ट की सुविधा मिलने से इस बार पर्यटकों को क्रिसमस और नए साल में दिक्कत नहीं होगी। अब मैनपाट में दो रिसोर्ट हो चुके हैं। प्राइवेट होटल में भी विंटर के लिए अभी से पूछपरख बढ़ चुकी है। तिब्बती समुदाय के लोग यहां पहाड़ों में नाइट कैंप और अन्य गतिविधि आयोजित करते हैं। यहां ठंड के साथ बुकिंग बढ़ गई है। पर्यटन के दोनों रिसोर्ट दीपावली और क्रिसमस के लिए फुल हो चुके हैं। नए साल को लेकर बुकिंग चल रही है।





#### ट्रैवल एजेंसी दे रही विशेष ऑफर

नए साल को खास बनाने लोगों ने अभी से तैयारी शुरू कर दी है। ज्यादातर लोग दूसरे राज्यों में घूमने का प्लान बना रहे हैं। नई जगह पर जाने ट्रैवल एजेंसी की मदद ले रहे हैं। क्रिसमस पर इन दिनों विशेष ऑफर भी दिए जा रहे हैं। इस वजह से बुकिंग के साथ पूछपरख भी बढ़ गई है। एक निजी ट्रैवल एजेंसी के अभिषेक राणा ने बताया, एजेंसी देश के सभी राज्यों में सक्रिय है। वे क्रिसमस और नए साल पर कश्मीर, लेक और हिमाचल प्रदेश की ग्रुप यात्रा करा रहे हैं, जिसमें शहर से अभी तक 10 लोग बुकिंग करा चुके हैं। आमतौर पर इन राज्यों में ज्यादातर लोग एजेंसी के जरिए ही घूमने जाना पसंद करते हैं। शीतकालीन अवकाश को देखते हुए अधिकतर लोग 7 दिन से 10 दिनों का ट्रिप प्लान करते हैं, जो फैमिली, कपल और ग्रुप के लिए अलग-अलग है। 20 हजार से 80 हजार तक के पैकेज हैं।

## सिटी इवेंट

### गौरव दिवस पर प्रस्तुति देने पहुंचे सिक्किम और अरुणाचल के आदिवासी नर्तक दल



**रायपुर।** साइंस कॉलेज मैदान में 14 एवं 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती जनजातीय गौरव दिवस पर राज्य स्तरीय भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। दो दिवसीय कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ सहित 17 राज्यों के आदिवासी नर्तक दल मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे। जनजातीय गौरव दिवस पर नृत्य की प्रस्तुति देने नर्तक दल छत्तीसगढ़ पहुंच रहे हैं। मंगलवार को अरुणाचल प्रदेश, उत्तराखण्ड, तेलंगाना, राजस्थान और सिक्किम के आदिवासी नर्तक दल रायपुर पहुंच चुके हैं। अरुणाचल प्रदेश के नर्तक दल आदिलोक नृत्य नाटिका, उत्तराखंड के नर्तक दल झींझी, होली, हन्ना और दिया नृत्य, तेलंगाना के नर्तक दल माथुरी जनजाति नृत्य, राजस्थान के नर्तक दल वालर गरासिया गैर नृत्य और सिक्किम के नृतक दल सुब्बा लोकनृत्य नाटिका की प्रस्तुति देंगे। बता दें कि 14 एवं 15 नवंबर को साइंस कॉलेज मैदान में संध्या 3 बजे से अंतर्राज्यीय लोक नर्तक दलों के सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति के साथ-साथ जनजातीय गौरव से संबंधित विषयों पर संगोष्ठी का आयोजन तथा जनजातीय जीवनशैली पर चित्रकला का प्रदर्शन भी होगा। दो दिनों में जनजातीय से जुड़ी रोचक जानकारी लोगों को जानने और देखने को मिलेगी।

### विद्यार्थियों ने जाना जनजातीय वीरों का इतिहास, पारंपरिक नृत्य से बताई पहचान

**रायपुर।** केंद्र सरकार की नई शिक्षा नीति के तहत जनजातीय समुदाय के गौरवशाली अतीत के अंतर्गत नवीन शासकीय महाविद्यालय माना कैंप में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान महाविद्यालय के बच्चों को हमारे जनजातीय समुदाय का इतिहास, संस्कृति, अधिकार, संविधान और उनका योगदान पर अतिथियों द्वारा अपने विचार रखे। वाणिज्य विभाग के प्राध्यापक डॉ. अनुपम शर्मा ने उन्होंने जनजातीय वीरों का इतिहास के योगदान के बारे में बताया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अनुज कुमार शुक्ला प्राध्यापक एनआईटी रहे। विशिष्ट अतिथि सहायक प्राध्यापक शासकीय महाविद्यालय अटलनगर साधना लकड़ा रहीं। मुख्य वक्ता ने कहा कि क्यों आदिवासी का अर्थ हम जंगली और पत्ते पहनने वालों से करते हैं, जबकि वे अपनी संस्कृति पर किसी का आधिपत्य नहीं चाहते। विशिष्ट अतिथि द्वारा सदरी भाषा में लोकगीत प्रस्तुत करते हुए अपने जशपुर क्षेत्र के जनजातीय भाइयों की विशेषता बताई गई। वीरेंद्र तिवारी ने अपना जशपुर का कार्यलयीन अनुभव साझा करते हुए बताया कि किस तरह सामुदायिकता का उदाहरण देते हुए बिना पारिश्रमिक के जनजातीय समुदाय ने पूल का निर्माण कर डाला। कार्यक्रम की अध्यक्ष डॉ. कीर्ति तिवारी ने आदिवासी समुदाय का प्रकृति संतुलन का उदाहरण दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के बच्चों द्वारा करमा, रीलो नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ. पूनम संजू ने किया। इस दौरान डॉ. सपना कर, कार्यक्रम सहसंयोजक सीमा कुजूर, नर्गिश एनेश्वरी, राबिन सागर प्राध्यापक व सभी संकाय के छात्र उपस्थित रहे।



# शादियों में बदला खानपान का ट्रेंड, राज्यों के पारंपरिक व्यंजनों के साथ अब विदेशी फूड की मांग, मॉकटेल भी

### शादी के सीजन में कैटरर्स ने बदला खानपान का मेनू, मांग अनुसार नए व्यंजन किए शामिल

**रायपुर।** बदलते समय के साथ अब लोग शादियों में मेहमानों को खाने में नए स्वाद का आनंद देना चाहते हैं। ऐसे में विभिन्न राज्यों के पारंपरिक व्यंजनों के साथ अब विदेशी फूड की मांग बढ़ी है। शहर के कैटरर्स ने शादियों के लिए मांग अनुसार मेनू में बदलाव किया है। अब फ्यूजन फूड जैसे कार्न भेल और फ्रूट सलाद के साथ ही पिज्जा, बर्गर, वाइट-रेड सॉस पास्ता आदि कई तरह के वेस्टर्न व्यंजन भी परोस रहे हैं। नए और रोचक आइटमों को मेनु का हिस्सा बना लिया है। वहीं अन्य राज्यों की डिश जैसे पंजाबी व्यंजन सरसों की साग और मक्के की रोटी, राजस्थानी व्यंजन दाल-बाटी, चूरमा आदि भी अपने मेनू में शामिल करना पसंद कर रहे हैं। इस बदलाव के चलते कैटरिंग सेवाओं में नए तरह के व्यंजन तैयार करने का रुझान भी बढ़ा है।



#### मॉकटेल्स का काउंटर बना आकर्षण का केंद्र

कैटरिंग व्यवसाय से जुड़े सुभाष तिवारी का कहना है कि आजकल शादियों में मॉकटेल का ट्रेंड भी तेजी से बढ़ा है। शादी-ब्याह में अलग से मॉकटेल्स काउंटर लगाए जा रहे हैं, जहां ब्लू बेरी, लेमन सोडा, क्रेन बेरी आदि तरह के मॉकटेल्स परोसे जाते हैं। दो या अधिक पेय पदार्थों के मिश्रण से तैयार किए जाने वाले मॉकटेल ड्रिंक सामान्य कोलड्रिंक्स से अलग और खास स्वाद देते हैं, जिसे लोग बड़े चाव से पीना पसंद करते हैं।

#### पांच हजार रुपए प्रति प्लेट तक चार्ज

कैटरिंग व्यवसाय से जुड़े अमित कुमार शिकारिया बताते हैं कि मौजूदा समय में लोग खाने का सामान लाने और उसे तैयार कराने में अपना कीमती समय बर्बाद करने से बच रहे हैं। अब लोग शादियों में खुलकर मजे करना और क्वालिटी फैमिली टाइम बिताना पसंद कर रहे हैं। इन सब कारणों के चलते पर प्लेट सिस्टम की डिमांड बढ़ी है। मौजूदा समय मे शहर मे विभिन्न कैटरिंग सर्विस 400 रुपए से पांच हजार रुपए तक प्रति प्लेट चार्ज कर रहे हैं।



# दिव्यांग बच्चियों संग दिवाली मिलन मनोरंजक खेल के साथ बांटे उपहार

**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल के चौबे कॉलोनी महिला केंद्र की महिलाओं ने महाराष्ट्र मंडल के दिव्यांग बालिका विकास गृह की बच्चियों के साथ दिवाली मिलन मनाया। केंद्र की महिलाओं ने बच्चियों को दिवाली के उपहार भेंट किए। केंद्र की संयोजिका अक्षता पंडित ने बताया कि इस अवसर पर बच्चियों ने अपनी सुमधुर आवाज में बेहतरीन गीत गाए। महिलाओं ने बच्चियों के साथ 'पासिंग द पार्सल गेम' भी खेला। अंत में बच्चियों को भेल पार्टी दी गई। सभी महिलाओं ने अपने-अपने घरों से सामग्री लाकर स्वादिष्ट भेल बनाई। दिव्यांग बालिका विकास गृह में रहने वाली कमलेश्वरी ने कहा कि यहां रहते हुए उन्हें हमेशा घर वाली फिलिंग होती है। कभी भी यह नहीं लगा कि हम किसी हॉस्टल में हैं या घर से बाहर हैं। महाराष्ट्र मंडल परिवार उनके साथ सभी तीज-त्योहार खूब आत्मीयता के साथ मनाता है। इस कार्यक्रम में मनीषा वरंवडकर, अपर्णा कालेले, स्वाति डबली, प्राची डोनगांवकर, प्रीति शेष, अनुराधा चौधरी, सुनीता कुलकर्णी, गौरी क्षीरसागर, अंजली वैद्य, राजश्री बर्वे, सीमा गनोदवाले, नीलिमा डोनगांवकर, स्वाति डोनगांवकर, अवंति अग्निहोत्री, रंजना काठोटे, रोहिणी नेने उपस्थित थीं।

## मोतीबाग में सजा तिब्बती बाजार, ऊनी कपड़े खरीदने पहुंच रहे लोग

# तिब्बती बाजार में इस बार कश्मीरी बकरी और भेड़ से बने ऊनी कपड़े, पिछले साल से 200 रुपए महंगे हुए

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** रात में बढ़ती ठंड के साथ शहर में ऊनी कपड़ों का बाजार भी गर्म हो चुका है। दिसंबर में तापमान 15 से 20 डिग्री तक पहुंच सकता है। ऐसे में लोग अभी से ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़े खरीदने बाजार पहुंच रहे हैं। बीते कुछ वर्षों से ठंड के लिए तिब्बती ऊनी कपड़े लोगों के बीच पहली पसंद बने हुए हैं। बाजार में गारमेंट्स की दुकानों पर ऊनी कपड़ों की भरमार हो गई है। ऐसे में असली ऊनी कपड़ों की पहचान कर पाना भी लोगों के लिए मुश्किल हो चुका है, इसलिए इस बार तिब्बती बाजार में व्यवसायी लोगों को शुद्ध ऊनी कपड़े के प्राकृतिक रंग और चमक के बारे में बता रहे हैं। हरिभूमि टीम ने व्यापारियों से बातचीत की। उन्होंने बताया कि भेड़ के शरीर से नरम और लंबे रोएं की मदद से शुद्ध ऊनी धागा तैयार करते हैं। शुद्ध ऊन भेड़ से प्राप्त होता है, लेकिन अब लोग कश्मीरी बकरी से ऊन निकालकर कपड़े तैयार कर रहे हैं। इसे शुद्ध ऊन नहीं माना जाता। लोगों को इसकी जानकारी नहीं होता है। इस बार ऊनी कपड़े को लेकर बाजार में प्रतिस्पर्धा अधिक है। इस वजह से लोगों को भेड़, बकरी और याक के बालों से बने ऊनी कपड़ों की विशेषता भी बता रहे हैं।




#### 200 रुपए तक महंगे हुए ऊनी कपड़े

मैनपाट में रहने वाले तिब्बती समुदाय से जुड़े लोग बीते 25 सालों से ठंड में 4 महीने गर्म कपड़ों का व्यापार करते हैं। तिब्बती व्यापारी दौलत रायपा का कहना है कि बीते तीन सालों से हर साल ऊनी धागे 100 से 150 रुपए महंगे हो रहे हैं। साथ ही कपड़े बनाने की लागत भी बढ़ गई है। यही कारण है कि हर साल 200 रुपए तक ऊनी कपड़े महंगे हो चुके हैं। बाजार में नकली ऊन के कपड़े भी आ चुके हैं, जो 500 रुपए तक सस्ते में मिल रहे हैं। ऐसे में लोगों को असली और नकली में फर्क ही समझ नहीं आ रहा। लोगों को कपड़े में शुद्ध ऊनी और रेशे के चमक के बारे में बता रहे हैं। इस बार कपड़ों में तिब्बती ब्रांड नेम भी लगा रहे हैं, ताकि लोगों को कपड़े की पहचान हो सके।



#### सॉफ्ट टॉय और लेदर जैकेट बनी पसंद

स्टाइलिश लुक के लिए युवतियां सॉफ्ट टॉय मटेरियल से बने कार्डिगन और लेदर जैकेट को अहमियत दे रही हैं। सॉफ्ट टॉय मटेरियल के गर्म कपड़े बजट में होने के साथ आकर्षक भी दिखते हैं। व्यापारी ने बताया, 300 से 600 की रेंज में अच्छे कार्डिगन आए हैं। युवाओं ने अपने स्टाइल में लेदर जैकेट को अहमियत दी है तो 35 से 40 आयुवर्ग के लोग ब्लेजर के साथ कोट मटेरियल को पसंद कर रहे हैं। लुधियाना और दिल्ली जैसे बड़े शहरों से आई कार्डिगन 450 से 750 की मीडियम रेंज में मिल रही है। वहीं ब्रांडेड कपड़ों की भी अच्छी डिमांड है।

## सिटी लाइव

# मिठाई खिलाकर बांटीं खुशियां, संगीत और खेल से दिन को बनाया यादगार



**रायपुर।** स्कूटर पार्ट्स डीलर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने मंगलवार को दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम में संस्था से सभी सदस्यों ने हिस्सा लिया। मनोरंजक खेल व संगीत के साथ कार्यक्रम को सभी ने यादगार बनाया। यहां विभिन्न ऑटो पार्ट्स कंपनियों ने अपने स्टाल लगाए। कंपनी के जनरल मैनेजर सेल्स व मार्केटिंग मनोज उनियाल उपस्थित रहे। स्विस टेक कंपनी के चेयरमैन जसविंदर सिंग व डायरेक्टर रमनदीप सिंग ने दिवाली की शुभकामनाएं एसोसिएशन को दी।

### ये रहे उपस्थित

*कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष कन्हैया महतो व उपाध्यक्ष राजेश उप्पल ने किया। कार्यक्रम में महासचिव गौरव मंधानी, गोपाल नागपुरे, उपाध्यक्ष राजेश तिवारी, टीकम होतवानी, अनूप अग्रवाल, सजन अग्रवाल, अनिल गर्ग, लच्छू आहूजा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।*

## धर्म लाइव

# महाराष्ट्र मंडल की महिलाओं ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**रायपुर।** दक्षिण विधानसभा सीट के उपचुनाव के लिए मतदान को लेकर मंगलवार शाम को महाराष्ट्र मंडल के वल्लभनगर, सिविल लाइंस और अमलीडीह केंद्र की महिलाओं ने मतदाता जन जागरूकता अभियान चलाया। इस बीच महिलाओं ने पचपेड़ीनाका, राजेंद्र नगर, प्रियदर्शनी नगर, वल्लभ नगर में शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील को लेकर रैली निकाली। महाराष्ट्र मंडल की सक्रिय महिला मतदाताओं ने सड़क के किनारे तख्तियां लेकर नारेबाजी करते हुए लोगों को मतदान के प्रति जिम्मेदारी निर्वहन करने की अपील भी की। महिला प्रमुख विशाखा तोपखानेवाले ने बताया कि बुधवार को भी रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में महाराष्ट्र मंडल के सभासद ज्यादा से ज्यादा मतदान कराने को लेकर सक्रिय रहेंगे। साथ ही मतदाताओं को पोलिंग बूथ तक लाने का हरसंभव प्रयास करेंगे।




### वाट्स एप ग्रुप पर डालिए सूचना

मंडल के आजीवन सभासदों को मतदान के प्रति जिम्मेदार बनने की अपील करते हुए मंडल अध्यक्ष अजय मधुकर काले ने कहा कि बुधवार को सबेरे 11 बजे से पहले परिवार सहित मतदान कीजिए। फिर अपने परिवार का मतदान चिन्ह के साथ फोटो महाराष्ट्र मंडल के वाट्स एप ग्रुप पर डालिए, ताकि आपके उत्साह को देखते हुए आपके परिचित, सहयोगी, मित्र और सामाजिक लोग भी वोटिंग करने के लिए प्रोत्साहित हों। साथ ही जिन्होंने दोपहर 12 बजे तक वोट नहीं दिया है, उन्हें भी मतदान केंद्र तक लाने का प्रयास करें।

## सिटी इवेंट

# समूह के नए सदस्यों के साथ दोस्ती आवश्यक, सीनियर का करें सम्मान



**रायपुर।** जेसीआई सुपर चैप्टर के समस्त 13 अध्याय के सदस्यों के लिए ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां 60 से अधिक सदस्य उपस्थित रहे। इस दौरान सुपर चैप्टर को-ऑर्डिनेटर लीना वाढेर, डायरेक्टर चित्रांक चोपड़ा ने जेसीआई से जुड़ी विभिन्न जानकारियां साझा कीं। उन्होंने कहा, कार्यक्रम आयोजन का मुख्य उद्देश्य जेसीआई के नए पदाधिकारियों को वर्ष 2025 के कार्यों के लिए ट्रेंड करना है। जहां नए पदाधिकारियों ने जेसीआई के कार्य को समझा व प्रश्नोत्तर में शामिल हुए।

### संचालन के लिए पांच बिंदुओं का ज्ञान

इस दौरान सुपर चैप्टर कोच अमिताभ दुबे ने कहा, किसी समूह के संचालन के लिए पांच बिंदुओं का ज्ञान होना जरूरी हैं। पहला दोस्ती, जो समूह के नए सदस्यों के साथ बनाना आवश्यक है। दूसरा फंड, किसी कार्यक्रम का आयोजन करने के दौरान पैसों का लेन-देन सरलतापूर्वक करें, ताकि किसी भी प्रकार की समस्या न हो। तीसरा फेलिसिटेशन, समूह में अपने सीनियर व जूनियर का सम्मान करते रहें। चौथा फंडामेंटल, अपने संस्थान के नियमों का पालन करें और अन्य सदस्यों को प्रोत्साहित करें। पांचवा फ्यूचरिस्टिक, किसी भी कार्य को करने से पूर्व उसके परिणाम को जानकर व सही प्रबंधक के साथ करने का प्रयास करें।

● मंदिरों संग सामाजिक स्तर पर भव्य तुलसी विवाह का हुआ आयोजन, घरों में सजे मंडप

# एकादशी पर गूंजी शहनाई, देवालयों में शालिग्राम संग मां तुलसी का विवाह


ये चमक ये दमक फूलवन मा महक, सबकुछ सरकार तुम्हीं से है...जैसे अनेक भजन वृंदावन से पधारे पं. पुनीत कृष्ण शास्त्री द्वारा प्रस्तुत किए गए। तुलसी विवाह के शुभ अवसर पर सामूहिक पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। जहां प्रदेशभर से चार सौ से अधिक सदस्य उपस्थित रहे।



**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय वैश्य समाज, अग्रवाल सभा व राधा सखी परिवार के संयुक्त तत्वावधान में सम्मेलन का आयोजन किया गया। अग्रसेन धाम में आयोजित सामूहिक तुलसी विवाह पूजन में भजन गायक द्वारा लगातार 3 घंटे तक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के संयोजक राजकुमार राठी ने बताया, सामूहिक स्तर पर तुलसी विवाह का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेशभर से 125 दंपति उपस्थित रहे। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य समाज के सदस्यों को एकजुट करना व हिंदू परंपरा व संस्कृति को बढ़ावा देना है। दिनभर आयोजित भजन के पश्चात शाम 6 बजे भगवान शालिग्राम व तुलसी माता का विवाह प्रारंभ किया गया। जहां विवाह की विभिन्न रस्में व पूजन विधिपूर्वक किया गया। इसमें अग्रवाल सभा के अध्यक्ष विजय अग्रवाल, मनमोहन अग्रवाल, वैश्य समाज के महामंत्री राजकुमार राठी, अमर सुल्तानिया, शिवरतन गुप्ता, राधा सखी परिवार से अंजना अग्रवाल, अनीता अग्रवाल, आशा चौबे उपस्थित रहीं।

### फूलों से बारात का स्वागत

दो दिवसीय कार्यक्रम का समापन बुधवार 13 नवंबर को होगा। जहां विवाह के बाद होने वाले अनेक रस्में निभाई जाएंगी। विवाह से पूर्व शाम 4 बजे बाजे-गाजे के साथ बारात निकाली गई, जहां भगवान शालिग्राम रथ पर सवार नजर आए। अग्रसेन धाम से सैकड़ों बारातियों के साथ बारात निकाली गई, इस अवसर पर फूलों से बारात का स्वागत श्रद्धालुओं ने किया।



### मंदिर परिसर में एकादशी पूजा

श्री सुरेश्वर महादेवपीठ में तुलसी विवाह का आयोजन किया गया। जहां डॉ. स्वामी राजेश्वरानंद और रामकृष्ण त्रिपाठी के नेतृत्व में पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान शंकर नगर से बजरंगी भाई विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता शामिल हुए, जिन्होंने पूर्ण रूप से एकादशी उत्सव मनाया। इसमें विजेंद्र वर्मा, योगेश सैनी, पंकज जगत, उत्सव कुमार साहू, आयुष राजपूत, देवलाल नेम, दशरत बघेल ठाकुर, राम सिंह, अजय महानंद उपस्थित रहे।

**चांदी के आसन पर विराजे भगवान:** पुरानी बस्ती स्थित जैतू साव मठ में शाम 6 बजे शुभ मुहूर्त में तुलसी विवाह का आयोजन किया गया। इस दौरान तुलसी चौरा पर मंडप तैयार कर भगवान शालिग्राम को गर्भगृह में लाया गया। जहां भगवान शालिग्राम चांदी के आसन पर विराजमान रहे। इसमें राजेश्री महंत रामसुंदर दास, मठ के ट्रस्टी अजय तिवारी, महेंद्र अग्रवाल, हरिवल्लभ अग्रवाल, सुमित तिवारी, शालिनी अग्रवाल, शैल अग्रवाल, जितेंद्र अग्रवाल, अमित अग्रवाल, रमेश यदु, चंद्रकांत यदु ,गोविंद, दीपक उपस्थित रहे।

### विजय बालाजी संग तुलसी विवाह

एकादशी के शुभ अवसर पर दूधाधारी मठ में 24 घंटे का अखंड रामधुन पाठ किया गया। सुबह 9 बजे से श्रीराम जय राम जय जय राम...की गूंज मठ परिसर में सुनने को मिली। रात 8 बजे मठ में तुलसी विवाह का आयोजन किया गया, जहां मंदिर के ट्रस्टी राजेश्री महंत रामसुंदर दास, रामछवि, विजय कुमार पाली, अवनींद्रनाथ ठाकुर, ज्योतिंद्रनाथ ठाकुर उपस्थित रहे। विवाह के दौरान विजय बालाजी की प्रतिमा व माता तुलसी का विवाह भगवान श्री हनुमान मंदिर के समक्ष किया गया। इस अवसर पर 50-60 गन्नों से भव्य मंडप का निर्माण किया गया, साथ ही फलाहार का भोग अर्पित किया गया।

### देर रात तक मंदिर प्रांगण में भक्तों की भीड़

सदर बाजार स्थित श्री गोपाल मंदिर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां सुबह से भगवान राधाकृष्ण स्वर्ण व चांदी के आभूषणों के श्रृंगार में नजर आए। शाम 5.30 बजे मंदिर के कपाट खोले गए, जिसके पश्चात माता तुलसी व शालिग्राम का विवाह प्रारंभ किया गया। शाम 7 बजे भोग व महाआरती की गई। देर रात 11 बजे तक मंदिर में भजन संध्या का आयोजन किया गया। रातभर मंदिर कपाट दर्शन के लिए खुले रहे, जहां भक्तों की भीड़ शाम 6 बजे से ही मंदिर परिसर में देखने को मिली। इस दौरान मंदिर के प्रबंधक राजेश मिश्रा व ट्रस्टी राजकिशोर नत्थानी उपस्थित रहे।

### देवी मंदिरों में विवाह

पुरानी बस्ती स्थित श्री राजराजेश्वरी महामाया देवी मंदिर में तुलसी पूजा शाम 5.30 बजे से प्रारंभ हुई। इस अवसर पर महामाया देवी के गर्भगृह में मौजूद ठाकुरजी की प्रतिमा को हवन स्थल पर लाया गया। दोनों ही देवी मंदिरों के समक्ष तुलसी व भगवान शालिग्राम का विवाह संपन्न कराया गया। इस दौरान मंदिर के आचार्य, पुजारी और ट्रस्ट के सदस्य उपस्थित रहे।

# अगहन में इस बार चार बृहस्पतिवार, 21 को तीन पहर होगी विष्णु-लक्ष्मी की पूजा, मंदिरों में श्रृंगार

**उपासक महिलाएं बुधवार से शुरू करेंगी व्रत नियम, दिनभर में तीन बार करेंगी पूजा**



**रायपुर।** भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की आराधना के लिए अगहन माह के बृहस्पति को श्रेष्ठ माना गया है। इस बार अगहन बृहस्पति का नियम पालन करने वाली महिलाओं को व्रत करने के लिए चार बृहस्पतिवार मिलने वाले हैं। इस अवसर पर परिवारों और उपासकों को महीने के पहले गुरुवार को व्रत करने से पहले बुधवार की रात से पूजा नियम का पालन करना होगा। शहर के प्रमुख मंदिरों में ब्रह्म मुहूर्त में मंत्रोच्चार के साथ विशेष पूजा होगी। घरों में माता लक्ष्मी और भगवान विष्णु की पूजा-आरती की जाएगी। इसके पहले व्रतधारी महिलाए घर की साफ-सफाई करने के बाद चावल के आटे का घोल बनाकर माता लक्ष्मी के पैरों का प्रतीक घर में प्रवेश की मुद्रा में बनाएंगी।

### ब्रह्म मुहूर्त में होगी विशेष पूजा

ब्रह्मपुरी स्थित बिरंचीनारायण एवं नरसिंहनाथ मंदिर के महंत देवदास ने बताया कि मंदिर में भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की अगहन गुरुवार के दिन विशेष पूजा होती है। दोपहर में आरती के बाद पट बंद किए जाते हैं। इसी तरह सत्ती बाजार में लक्ष्मीनारायण मंदिर में हर साल की तरह मंत्रोच्चार के साथ माता लक्ष्मी की पूजा में आसपास के उपासक भी शामिल होते हैं। वहीं लिली चौक स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर में भी हर साल की तरह अगहन गुरुवार पर भगवान का विशेष श्रृंगार किया जाता है।

### महिलाएं घरों में सजाएंगी रंगोली

इस महीने सभी गुरुवार को महिलाएं घरों में रंगोली बनाकर माता लक्ष्मी व भगवान विष्णु को आमंत्रित करती हैं। ब्रह्म मुहूर्त में माता लक्ष्मी की पूजा-अर्चना करती हैं। पं. मनोज शुक्ला ने बताया कि सावन का महीना भोलेनाथ को समर्पित है। वहीं अगहन माह में महालक्ष्मी की पूजा का विशेष महत्व है। लोग माता लक्ष्मी और भगवान विष्णु को प्रसन्न करने के लिए हर गुरुवार को व्रत रखती हैं। पूजा सामग्री में नारियल, केला, सिंघाड़ा, आंवला, बेर, सीताफल, धान की बाली, कुम्हड़ा, पान आंवला, कपड़े का उपयोग होता है।

### सफाई के लिए झाड़ू का उपयोग नहीं

पं. मनोज शुक्ला ने बताया कि अगहन माह में इस बार 21, 28 नवंबर के अलावा 5 व 12 दिसंबर को व्रत नियम का पालन होगा। उपासक महिलाएं गुरुवार को घर की सफाई के लिए झाड़ू का उपयोग नहीं करती हैं। जरूरत पड़ने पर कपड़े का उपयोग सफाई के लिए करने का प्रावधान है। इसके साथ ही उपासक महिलाएं ब्रह्म मुहूर्त में ही पहली पूजा करती हैं। इसके बाद दोपहर और फिर शाम को पूजा-आरती करते हुए नियम का पालन करती हैं। इस दिन चावल के आटे से तैयार व्यंजनों का भोग लगाया जाता है।

# ज्वेलरी की सुरक्षा के लिए अनिवार्य रूप से कराएं बीमा, इससे होगी नुकसान की भरपाई




**रायपुर।** सराफा व्यापिरयों को ज्वेलरी की सुरक्षा के लिए अनिवार्य रूप से बीमा करना चाहिए। इससे होने वाले नुकसान की भरपाई कराए गए बीमा के तहत होती है। लगातार बढ़ते अपराध को देखते हुए ज्वेलरी शॉप में चोरी, डकैती जैसी घटना की स्थिति में होने वाली हानि से बचा जा सकता है। इसके अलावा आगजनी की घटना होती है, तब भी संचालक को बीमा का लाभ मिलता है। अगर शॉप में काम करने वाला नौकर पैसे या जेवर लेकर भाग जाता है तो भी नुकसान की भरपाई होती है। अगर बीमा कराने में किसी प्रकार की लापरवाही की जाती है या तय बीमा राशि का भुगतान समय पर नहीं किया जाता है तो सराफा कारोबारी को आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ सकता है। यह जानकारी मंगलवार को सदर बाजार के महावीर भवन में आयोजित कार्यशाला में बीमा कंपनी के डायरेक्टर सुभाष महावर ने दी। वहीं रायपुर सराफा एसोसिएशन द्वारा इसके बाद दीपावली मिलन का क्रम शुरू किया गया।

**सराफा व्यापारियों के दीपावली मिलन में गूंजे पुराने दौर के गीत**

### दीपावली मिलन में दी शुभकामनाएं

हर साल की तरह इस बार भी दीपावली मिलन का आयोजन सफल व सार्थक रहा। इसमें सांसद बृजमोहन अग्रवाल के साथ पूर्व सांसद सुनील सोनी बतौर अतिथि शामिल हुए। वे सभी सराफा व्यापारियों को दीपावली मिलन के मौके पर उत्तरोत्तर प्रगति एवं व्यापार के लिए शुभकामनाएं देने के साथ ही इस आयोजन के साक्षी भी बने। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष अमर पारवानी, एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश भंसाली, सचिव दीपचंद कोटड़िया, उपाध्याय हरीश डागा, कोषाध्यक्ष जितेंद्र गोलछा प्रमुख रूप से मौजूद थे।

### गीत-संगीत से बना खुशनुमा माहौल

अंतिम कड़ी में लक्ष्मी नारायण लाहोटी ने आज मौसम बड़ा, बेईमान है बड़ा..., आने से उसके आए बहार जाने से ...,जैसे पुराने दौर के गीतों से दीपावली मिलने को संगीतमय बना दिया। इसके बाद सुरेश भंसाली ने कराओके फॉर्मेट में मैं शायर तो नहीं ..., जैसे कई पुराने दौर के गीतों से लोगों को खुशनुमा माहौल दिया। इस दौरान सहसचिव प्रवीण मालू, वरिष्ठ संरक्षक भीखमचंद कोचर, महावीरचंद बुरड़, छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष संजय कानूगा सहित करीब तीन सौ सराफा व्यापारी दीपावली मिलन में शामिल हुए।

खाटू श्याम मंदिर में देर रात तक भजन संध्या, भक्तों की लंबी कतार

# श्याम बाबा के रंग में रंगा शहर, हाथों में निशान लेकर जयकारों के बीच यात्रा, मंदिर में अलौकिक श्रृंगार के दर्शन करने पहुंचे भक्त

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** बांटो जी आज बधाई, आया जन्मदिन श्याम का...ओ खाटू वाले बाबा तेरी महिमा...भर दे श्याम झोली भर दे...भजनों पर भक्त झूमते नजर आए। यह अवसर खाटू श्याम बाबा के जन्मोत्सव का था, जहां सैकड़ों की संख्या में भक्तों की लंबी कतार मंदिर प्रांगण में देखने को मिली। समता कॉलोनी स्थित खाटू श्याम मंदिर में जन्मोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। जहां सुबह निशान यात्रा के साथ जन्मोत्सव का शुभारंभ किया गया। बोल खाटू वाले बाबा की, जय....के नारे से मंदिर परिसर गूंज उठा। देर रात तक आयोजित भजन संध्या में जन्मोत्सव के अनेक भजन गुनगुनाए गए, जहां लगातार 25 से अधिक भजनों की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान बाबा के लिए अनेक श्रद्धालु फूल माला संग पोशाक लेकर पहुंचे। भजनों की धुन पर बच्चों संग बुजुर्ग भी मंदिर प्रांगण में झूमते नजर आए।



### श्याम बाबा की निशान यात्रा पर 4500 निशान

मंदिर के प्रबंधक विष्णु बरोदिया ने बताया, जन्मोत्सव पर सुबह से देर रात तक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बाबा का श्रृंगार 20 से अधिक प्रकार के फूल, स्वर्ण व चांदी के आभूषणों से हुआ। मंदिर के साज-सज्जा के लिए कोलकाता के कारीगरों को बुलाया गया था, जिन्होंने रंगबिरंगे फूलों से सजावट की। जन्मदिन के अवसर पर सुबह 4500 निशान के साथ निशान यात्रा निकाली गई, जहां शहर के विभिन्न स्थानों से श्रद्धालु शामिल हुए। दो दिवसीय जन्मोत्सव का समापन बुधवार को किया जाएगा। खाटू श्याम बाबा के जन्मोत्सव पर भजन संध्या देर रात तक आयोजित की गई, जिसके पश्चात रात 9.30 बजे महाआरती की गई, जिसमें बाबा का मनमोहक श्रृंगार देखने को मिला। महाआरती के दौरान परिसर मं श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रहा।

### निशान यात्रा में श्याम बाबा का दरबार

राहुल अग्रवाल ने बताया, जन्मोत्सव पर गुढ़ियारी से भव्य निशान यात्रा का आयोजन किया गया। जो तेलीबांधा, रेलवे स्टेशन होते हुए, समता स्थित खाटू श्याम मंदिर पहुंची। निशान यात्रा के दौरान खाटू श्याम बाबा की प्रतिमा साज-सज्जा के साथ रथ पर विराजमान रही। इसमें बाबा के समक्ष 56 भोग अर्पित किए गए। इस दौरान खाटू श्याम बाबा का दरबार सजाया गया, जहां प्रतिमा का फूल व स्वर्ण के मुकुट से श्रृंगार किया गया।



जन्मोत्सव के अवसर पर गुढ़ियारी, टाटीबंध, रामसागर पारा और मोवा से निशान यात्रा निकाली गई, जिसमें पांच सौ से अधिक श्रद्धालु मौजूद रहे। श्री श्याम मासिक एकादशी निशान यात्रा में लोगों की भीड़ शामिल हुई, जिसकी व्यवस्था के लिए अग्रसेवा सोसायटी के कई सदस्य शामिल हुए।

## खबर संक्षेप

### साहू युवक-युवती परिचय सम्मेलन 24 को

**रायपुर।** शहर जिला साहू संघ द्वारा 24 नवंबर को साहू युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम कृष्णानगर स्थित कर्मा धाम में सुबह 10 बजे प्रारंभ होगा। यह जानकारी संघ के सचिव अश्वनी साहू ने देते हुए बताया कि इस सम्मेलन में प्रदेशभर के साहू समाज के लोग शामिल होंगे।

### 2 लाख के गांजे के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** भिलाई के अंजोरा पुलिस ने बीती रात महमरा के पास 18 किलो गांजे के साथ एक वाहन जब्त किया। वाहन कांकेर से करीब 2 लाख रुपए का गांजा लेकर जालबांधा के रास्ते महाराष्ट्र जाने के नाम पर निकला था। मामले में पुलिस ने अकोला के रहने वाले अब्दुल रशीद पिता आशिक अली (61 वर्ष) को गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरुद्ध नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## निधन

### अविनाश मिश्रा



**रायपुर।** बिलासपुर निवासी अधिवक्ता अविनाश मिश्रा (गीधा लिम्हा) वाले का 12 नवंबर को निधन को हो गया। उनका अंतिम संस्कार उनके गृहग्राम गीधा मुंगेली में किया गया। वे डॉ. विनय कुमार मिश्र एवं स्व. शैलबाला मिश्रा के पुत्र, स्व. आशुतोष मिश्रा, डॉ. अल्पना शुक्ला के बड़े भाई, डॉ. शशांक के पिता एवं शोभित मिश्र के बड़े पिता थे।

### अमना बी



**रायपुर।** रिखिया पारा एमजी रोड निवासी अमना बी (100) का निधन हो गया। उन्हें मौदहापारा कब्रिस्तान में सुपुर्द-खाक किया गया। वे शेख रहमुद्दीन और शेख शमनुद्दीन की माता थीं।

### क्षितिज सिंह राठौर



**रायपुर।** शिकारपुरी धर्मशाला समता कॉलोनी निवासी क्षितिज सिंह राठौर (38) का 12 नवंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 13 नवंबर को महादेवघाट श्मशानघाट में किया जाएगा। वे स्व. सुकेश सिंह राठौर, निरजा राठौर के पुत्र और अंकित सिंह के भाई थे।

# गंगरेल के पानी में अशुद्धियां कम, प्लांट में वन टाइम फिल्टर बेड की सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खारुन नदी में प्राकृतिक बहाव से पानी बंद होने के बाद गंगरेल डेम से शहर के लिए खरीदे जा रहे रॉ वाटर में मटमैलापन और अशुद्धियों की मात्रा कम हो गई है। ऐसे में नगर निगम भाठागांव स्थित फिल्टर प्लांट में जल शुद्धिकरण के दौरान 44 फिल्टर बेड की वन टाइम सफाई करवा रहा है। अक्टूबर तक दिन में दो बार फिल्टर बेड की सफाई करानी पड़ती थी।

■ डेम से प्रतिदिन 250 क्यूसेक रॉ वाटर की डिमांड

दरअसल, बारिश के सीजन में खारुन नदी में प्राकृतिक स्त्रोतों से भरपूर पानी उपलब्ध होने से इसमें मटमैलापन और अशुद्धियों की मात्रा बहुत बढ़ी हुई थी। इसीलिए इसे शहर की 43 नई व पुरानी पानी टंकियों तक भेजने से पहले जल शुद्धिकरण के दौरान विशेष सावधानी रखने की जरूरत पड़ी।

इस दौरान दिन में 2 बार प्लांट में लगे फिल्टर बेड की सफाई कराना जरूरी रहा, क्योंकि फिल्टर बेड में जल शुद्धिकरण की प्रक्रिया के दौरान बड़ी मात्रा में मिट्टी जमा हो जाती थी। इसी तरह सामान्य दिनों की तुलना में 15 से 20 गुना ज्यादा एलम की खपत रही, पर नवंबर से स्थिति बदल गई है। एलम की खपत सामान्य होने के साथ ही फिल्टर बेड की दिन में सिर्फ एक बार सफाई पर्याप्त है।

## अक्टूबर तक फिल्टर बेड की दिन में 2 बार होती रही सफाई

### गंगरेल से 250 क्यूसेक रॉ वाटर की डिमांड

फिल्टर प्लांट के अधिकारियों के मुताबिक शहर के पेयजल डिमांड के हिसाब से इस समय गंगरेल डेम से प्रतिदिन 250 क्यूसेक रॉ वाटर खरीदा जा रहा है। जबकि गर्मी के सीजन में इसकी मात्रा बढ़कर 300 क्यूसेक तक जा पहुंची थी। फिल्टर प्लांट में जल शुद्धिकरण की प्रक्रिया के बाद शुद्ध पानी लोगों के यहां घरों तक नलों के माध्यम से पहुंचता है।



### जल शुद्धिकरण के लिए प्लांट में 44 फिल्टर बेड

भाठागांव स्थित निगम के फिल्टर प्लांट में स्थापित 150 एलएलडी क्षमता के प्लांट में 16 फिल्टर बेड, पुराने 80 एमएलडी प्लांट में 8 और नए 80 एमएलडी प्लांट में 10 फिल्टर बेड के अलावा पुराना प्लांट में 10 फिल्टर बेड स्थापित हैं। इस तरह कुल 44 फिल्टर बेड से पानी का मटमैलापन दूर करने की प्रक्रिया निरंतर चलती रहती है। इस दौरान मिट्टी सहित अन्य तरह की जलीय अशुद्धियां को साफ कर पानी को पीने लायक बनाया जाता है।

## रायपुरा का बघवा तालाब जीर्णोद्धार

# गहरीकरण में खप गए 2.50 करोड़, बगीचा बना न पाथवे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुरा के बघवा तालाब की सफाई, गहरीकरण और सौंदर्यीकरण का काम 2.50 करोड़ रुपए खर्च करने के बाद भी आधा अधूरा हो पाया । तालाब के चारों ओर पाथवे बनाने और सुंदर बगीचा विकसित करने की योजना पर काम ही नहीं हुआ। सीनियर सिटीजन के बैठने के लिए सीटिंग रूम, योग करने वालों के लिए योग कक्ष बनाने का दावा हवा-हवाई साबित हुआ। निगम के अधिकारियों ने अधूरे काम को पूरा करने 1.50 करोड़ का नया प्रस्ताव बनाकर शासन को मंजूरी के लिए भेजा है। इसमें लैंड स्कैपिंग, प्लांटेशन सहित अन्य कार्य को दोबारा शामिल किया गया है।

■ आधे में रुका पड़ा काम, 1.50 करोड़ का नया प्रस्ताव मंजूरी के लिए भेजा

नगर निगम जोन 8 के माधवराव सप्रे वार्ड स्थित रायपुरा के बघवा तालाब के सौंदर्यीकरण का काम आधा-अधूरा होने से आसपास के लोगों को इसका लाभ अब तक नहीं मिल पाया है। दूर से देखने पर बघवा तालाब में सौंदर्यीकरण का नामोनिशान तक नजर नहीं आ रहा। तालाब के चारों ओर पाथवे बनाया जाना था, ताकि लोग सुबह-शाम आकर ताजी हवा ले सकें। यह काम अब तक शुरू ही नहीं हुआ, जबकि तालाब सफाई और गहरीकरण में ही 2.50 करोड़ खर्च हो गए।

विदित हो, रायपुरा की आधी बस्ती सहित यादवपारा के लोग बघवा तालाब का उपयोग एक अरसे से निस्तारी के लिए करते आ रहे हैं। 35 एकड़ में फैले इस पुराने तालाब की नगर निगम ने ढाई दशक बाद सुध तो ली, पर तालाब सौंदर्यीकरण के आधा-अधूरा काम के चलते उसे सुंदर स्थल नहीं बना पाए। तालाब के पास सुंदर बगीचा विकसित करने के साथ ही बच्चों के लिए आकर्षक गेम्स की सुविधा, जुंबा डांस करने के लिए अलग से स्पेस देने योजना बनी। निगम के विभागीय अधिकारी प्रस्ताव में शामिल ये सुविधाएं आज तक उपलब्ध नहीं करा पाए।



### 3 फीट की जगह 6 फीट तक निकाली गाद

बघवा तालाब की सफाई और गहरीकरण के कार्य में तालाब के अंदर से 3 फीट तक गाद निकालना प्रस्तावित था, मवेशियों के गोबर और गाद इतना की मात्रा इतनी ज्यादा रही कि 6 फीट तक गहरीकरण कराने की जरूरत पड़ी। प्रोजेक्ट में 4.5 एकड़ एरिया प्रस्तावित था, स्पॉट पर नापने पर आधा एकड़ क्षेत्र ज्यादा निकला। इसीलिए तालाब सौंदर्यीकरण का काम आधे में रुक गया। इसमें पेवर लैंड स्कैपिंग, बगीचा विकसित करने और पौधारोपण का काम शामिल है। फंड के लिए नया प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है।

### 1.50 करोड़ रुपए का प्रस्ताव भेजा है

बघवा तालाब सौंदर्यीकरण के बकाया काम को पूरा करने 1.50 करोड़ रुपए का प्रस्ताव शासन के पास मंजूरी के लिए भेजा गया है। मंजूरी मिलते ही बगीचा विकसित करने, लैंड स्कैपिंग, टू डी, थीडी पेंटिंग, सीनियर सिटीजन के बैठने की व्यवस्था, योग कक्ष और पाथवे बनाया जाएगा।

*- अंशुल शर्मा, कार्यपालन अभियंता नगर निगम रायपुर*

# राजधानी का तापमान सबसे ज्यादा, ठंड की खातिर विक्षोभ गुजरने का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पिछले चौबीस घंटे में राजधानी का तापमान प्रदेश में सबसे अधिक दर्ज किया गया है। अभी तापमान में उतार-चढ़ाव का दौर बना रहेगा। पश्चिमी विक्षोभ के गुजरने के बाद तापमान में नियमित गिरावट आने के आसार हैं। अभी सभी शहरों का तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया जा रहा है।

■ चार दिनों तक तापमान में उतार-चढ़ाव की स्थिति रहने के आसार

मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार अभी राज्य में दक्षिण से पर्याप्त मात्रा में नमी आ रही है। 14 नवंबर को भारतीय सीमा के भीतर एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा, जिसके प्रभाव से आर्द्रता की मात्रा में और वृद्धि होगी। माना जा रहा है कि विक्षोभ का प्रभाव दो दिन तक अपना असर दिखाएगा, इसके बाद तापमान में गिरावट आने के आसार बन रहे हैं। मंगलवार को शहर में हल्के बादल छाए रहे, मगर तापमान चढ़कर 33 डिग्री तक पहुंच गया, जो राज्य में सबसे अधिक था। पिछले चौबीस घंटे में रात के तापमान में भी थोड़ी गिरावट आई है और 16 नवंबर तक इसी तरह की स्थिति रहने की संभावना है। अभी शहरी इलाके में सुबह के वक्त ही हल्की ठंड का अहसास हो रहा है।



राज्य में लगभग सभी शहरों में रात का तापमान 20 डिग्री से नीचे जा चुका है और अच्छी ठंड के लिए इसमें और कमी आने का इंतजार किया जा रहा है। अगले चौबीस घंटे में राज्य के मौसम में किसी तरह का विशेष बदलाव होने की संभावना नहीं है।

# सीनियर सिटीजन फोरम की गतिविधियों की दी जानकारी



**रायपुर।** ऑक्सीजोन गार्डन में गत दिनों सीनियर सिटीजंस वेलफेयर फोरम की मासिक बैठक हुई। इस बैठक में दीपावली मिलन का कार्यक्रम भी रखा गया। बैठक में सचिव राजकुमार शुक्ला ने फोरम की गतिविधियों की जानकारी दी। सभापति एसपी विश्वकर्मा ने फोरम के कार्यों की प्रशंसा के साथ सलाह दी कि मेडिकल कैंप की शुरुआत करें और जरूरतमंद वरिष्ठ नागरिकों की मदद करें। इसी दौरान फोरम के अध्यक्ष प्रकाश सुरावधनीवार ने कार्यकारिणी के पदभार ग्रहण से लेकर अभी तक की प्रगति रिपोर्ट सभा में रखी। फोरम के गायक कलाकारों और कविताकारों ने अपनी शानदार सराहनीय प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। वहीं फोरम के कवियों ने भावुक कविता पाठ किया और दिवाली मिलन कार्यक्रम में सभी सदस्यों को मिठाई के डिब्बे भेंट किए। कार्यक्रम में कवि गोपाल सोलंकी, शिवशंकर गुप्ता, छबिलाल सोनी, राजेंद्र कुमार, वीके वाधवा, सजल, रमाबाला विश्वकर्मा, मनोहर ठाकुर, केके चौबे, राकेश खरे, रामनिवास गुप्ता, एचएन राणा, शीलू पटनायक, गीता जोतवानी आदि शामिल थे।

# भिखारी पति-पत्नी निकले चोर, एक लाख के जेवरात जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी पुलिस ने एक भिखारी पति-पत्नी को चोरी के मामले में गिरफ्तार किया है। दोनों भीख मांगने के साथ सूने मकानों में चोरी की वारदातों को भी अंजाम दिया करते थे। पुलिस ने दोनों के कब्जे से एक लाख कीमत के चोरी के सोने-चांदी के जेवरात बरामद किए हैं।

पुलिस अधिकारियों ने मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में एक सूने मकान में हुई चोरी की घटना की जांच करते हुए भिखारी दंपति को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। इस क्षेत्र में रहने वाली पुष्पा वर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 11 नवंबर को सुबह 8 बजे वह अपने घर पर ताला लगाने के बाद चाबी को घर के मेन गेट के बाहर फर्स पर बिछे मेट के नीचे रखकर बाहर गई थी। करीब साढ़े 11 बजे उसकी लड़की जब घर पहुंची, तो घर खुला पाया और आलमारी से सोने-चांदी के जेवरात भी गायब मिले। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामले की जांच करते हुए जब आसपास रहने वालों से पूछताछ की, तो पता चला कि उनके मोहल्ले में अंजान एक महिला और एक पुरुष घूमते हुए देखे गए हैं। पुलिस ने इस पर सीसीटीवी कैमरे के फूटेज की मदद से उनकी पहचान कर पतासाजी की। इस दौरान रेलवे स्टेशन के पास से दोनों को गिरफ्तार किया गया।





पूछताछ पर पता चला कि आरोपी सागर सोबर एवं उसकी पत्नी सोनिया सोबर भीख मांगकर अपना गुजारा करते हैं, लेकिन भीख मांगने की आड़ में दोनों चोरी भी करने लगे थे। इसके लिए दोनों सूने मकान को टारगेट करते थे। आरोपी दंपति के कब्जे से पुलिस ने एक लाख रुपए कीमत के चोरी के सोने-चांदी के जेवरात बरामद किए हैं।

### दूसरे इलाकों में भी कर चुके चोरी

पुलिस की पूछताछ पर दंपति ने बताया कि वह मूलतः महासमुंद माल धक्का के पास के रहने वाले हैं। दंपति मंदिर हसौद के साथ गुढ़ियारी और टिकरापारा क्षेत्र में भी चोरी की घटना को अंजाम दे चुके हैं। पुलिस को शक है कि दंपति चोरी की और कई घटनाओं में शामिल हो सकती है, इसलिए उनसे पूछताछ की जा रही है।

## पेज 11 के शेष ...

### फूलों की माला...

भी घोषित किया गया है। उल्लेखनीय है कि जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ गौरव सिंह ने मतदान केंद्रों का एक दिन पहले ही निरीक्षण किया था। साथ ही सभी मतदान केंद्रों पर मतदान की व्यवस्था सुचारू बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही उपचुनाव के मद्देनजर यह भी सुनिश्चित किया है कि सभी मतदान केंद्रों पर बुनियादी सुविधा उपलब्ध हो और मतदाता स्वतंत्र रूप से अपने मत का प्रयोग कर सकें। बुधवार 13 नंवबर को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। उप निर्वाचन के लिए 266 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इसमें 253 सामान्य व 13 सहायक बूथ बनाए गए हैं। पूरी चुनाव प्रक्रिया में 1300 से अधिक कर्मचारियों की टीम रहेगी, जो सुबह सात से लेकर शाम छह बजे तक मतदान करवाएगी। इस उपचुनाव में इस बार 2,71,169 मतदाता मतदान करेंगे। वहीं 127 मतदान केन्द्रों में मतदान के दिन लाइव वेबकास्टिंग भी कराई जावेगी। **10 बूथ में महिला कर्मी** : वहीं, कुछ आदर्श मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जिनमें से 10 संगवारी बूथ बनाए गए हैं, इन मतदान केंद्रों में सिर्फ महिलाएं ही रहेंगी और पूरा प्रबंधन देखेंगी। जिसमें पीठासीन अधिकारी से लेकर अन्य सभी सहायक स्टाफ महिलाएं ही रहेंगी। वहीं, एक मतदान केंद्र दिव्यांगों के भरोसे संचालित किया जाएगा। इसमें सभी स्टाफ दिव्यांग ही रहेंगे। वहीं, पांच बूथ युवा प्रबंधित रहेंगे। इन मतदान केंद्रों में 30-35 वर्ष के युवा कर्मचारियों की टीम इनका प्रबंधन देखेगी। मतदान के लिए ईवीएम मशीन में बीयू 532, सीयू 266 व वीवीपीएटी 266 शामिल हैं, वहीं रिजर्व में बीयू 182, सीयू 112 व वीवीपीएटी 146 है।

### फूलों की माला पहना...

विधानसभा उपनिर्वाचन के रवाना हुए मतदान दल के मतदान केंद्रों में पहुंचने पर फूलों की माला से स्वागत किया गया। इस दौरान मतदान दलों का उत्साह बढ़ गया और निर्वाचन आयोग और जिला प्रशासन का धन्यवाद जताया। कर्मचारियों ने कहा कि मतदान केंद्रों में पहुंचने के बाद भव्य स्वागत किया गया, इससे बड़ा गर्व महसूस हुआ।

### प्रत्येक मतदान केंद्र...

मतदान केंद्रों में 4 से अधिक भी पुलिस जवान तैनात रहेंगे। उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण रूप से हो इसके लिए सभी मतदान केंद्रों में सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना होने की स्थिति से निपटने के लिए भी पुलिस टीम को अलर्ट किया हुआ है।

### विभाग ने नहीं कराई...


पंचायत भी नीलामी से अंजानः गौरभाट गांव के सरपंच भागवत निषाद ने बताया कि सोमवार को वे किसी काम से गांव से बाहर गए थे। मंगलवार को जब वह गांव लौटे तो पता चला कि गांव की बस्ती में रहने वाले लोगों ने रेत खदान की नीलामी के लिए बैठक बुलाई थी। इस बैठक में रेत खदान को बोली लगवाकर नीलाम भी की गई है। उन्होंने बताया कि इस नीलामी की ग्राम पंचायत को भी सूचना नहीं दी गई है, इसलिए खदान किसे और कितने में नीलाम की गई है, इसकी जानकारी उन्हें नहीं है।

### रविवि के सामने ...

बजाए रफ्तार बढ़ा दी। प्रियंका काफी दूर तक रोती-बिलखती सहायता के लिए चीखती रही। कुछ देर बाद वह आटो से आजाद हुई, मगर तब तक उसका दाहिना पैर शरीर से अलग हो गया था। घटना को अंजाम देने के बाद चालक आटो सहित फरार हो गया। दर्द से कराह रही प्रियंका को संभालते हुए सहेली पूजा ने पुलिस को इसकी सूचना दी। थाने की टीम वहां पहुंची और खून से लथपथ छात्रा और उसका कटकर सड़क पर दूर पड़े पैर को लेकर एम्स गई। इमरजेंसी विभाग में छात्रा का इलाज जारी है, मगर चिकित्सकों के मुताबिक उसका पैर वापस जुड़ पाना बहुत मुश्किल है।

### कम उम्र में दिल...

की वजह आनुवांशिक होने की ज्यादा संभावना है। इसके साथ तनाव की वजह से नसों का डिस्क्शन भी कारण हो सकता है। इसके पूर्व आंबेडकर अस्पताल में एक 22 साल के चिकित्सा छात्र की हार्ट अटैक से मौत हुई थी और पहले भी कम उम्र के लोगों को हृदयाघात होने की शिकायत सामने आती रही है, जो चिंता का विषय है। इस बारे में चिकित्सकों का कहना है कि बीमारियों के साथ बदलती जीवनशैली और खानपान भी प्रमुख कारण बनता जा रहा है। तंबाकू अथवा गुड़ाखू का उपयोग, फास्ट फूड, बढ़ता कोलेस्ट्राल, ब्लड प्रेशर और मोटापा इसका बड़ा कारण बनता जा रहा है। भागदौड़ की जिंदगी में लोग शरीर को आराम नहीं दे रहे हैं, जिसकी वजह से बीमारियां बढ़ रही हैं। लिया जाने वाला तनाव भी बीमारियों को आमंत्रण देने का कारण बन रहा है।

























## खबर संक्षेप

### पिछड़ा वर्ग संगठन ने किया मुख्यमंत्री और सांसद का स्वागत



**रायपुर।** पिछड़ा वर्ग संगठन के अध्यक्ष सूरज निर्मलकर के नेतृत्व में अनेक समाज प्रमुखों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल सहित सभी अतिथियों का स्वागत कर भाजपा प्रत्याशी को समर्थन देने की अपील की, जिसमें प्रमुख रूप से देवांगन समाज, धोबी समाज, आदिवासी समाज, ढीमर समाज, सोनकर स्वर्णकार समाज, मानिकपुरी समाज, गड़रिया समाज, फूलमाली समाज आदि अनेक समाज के प्रतिनिधि शामिल हुए। सभी समाज प्रमुखों ने कहा, सुनील सोनी को जिताएंगे तो एक मंत्री पाएंगे और विकास अधिक तेज गति से होगा। स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से हेमलाल पाल, सुखी रामपाल, गोपाल सारथी, संतोष सारथी, विष्णु निर्मलकर, बलराम डडसेना आदि शामिल रहे।

### विमल महिला मंडल को मिला सम्मान



**रायपुर।** प्रतिदिन निशुल्क सेवार्थ भोजन वितरण करते हुए समाजसेवा की दिशा में उत्कृष्ट पहल के लिए सहभागी दानवीरों, संस्थाओं व महिला मंडलों के लिए रविवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन, पूर्व अध्यक्ष छग विधानसभा धरमलाल कौशिक एवं विधायक मोतीलाल साहू मुख्य रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम में विमल महिला मंडल भैरव सोसायटी को सम्मानित किया गया। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि यह दानवीरों का समाज है तथा सामाजिक मान्यताओं को मानने वाला समाज है। वहीं धरमलाल कौशिक ने कहा कि मानव जन्म में हम ऐसा कर्म करें कि परलोक हमारा सुधर जाए। विमलनाथ जैन श्वेतांबर मंदिर ट्रस्ट द्वारा जो सेवार्थ निशुल्क भोजन व्यवस्था चलाई जा रही है, वह इस दिशा में एक कदम है।

# नवा रायपुर में अब तक आधा दर्जन मंत्रियों को बंगला आवंटित

**साव, केदार, देवांगन को मिला, चौधरी, शर्मा को जल्द आवंटन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नवा रायपुर में मुख्यमंत्री सहित मंत्रियों के नए बंगले तैयार हो गए हैं। मुख्यमंत्री के गृह प्रवेश करने के बाद अब सभी मंत्रियों ने यहां पर बंगले आवंटन के लिए संपदा विभाग को लिखा है। सभी मंत्रियों को बंगला आवंटन होने लगा है। अब तक आठ से अधिक मंत्रियों को आबंटन पूरा हो गया है। इनमें उप मुख्यमंत्री अरुण साव, वन मंत्री केदार कश्यप, उद्योगमंत्री लखन लाल देवांगन को बंगले का आवंटन संपदा विभाग ने कर दिया है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, वित्त मंत्री ओपी चौधरी को भी बंगला आबंटन जल्द होगा। पूर्व में रामविचार नेताम, दयालदास बघेल और लक्ष्मी राजवाड़े को बंगला आवेटित किया जा चुका है। बताया जाता है कि दिसंबर के अंत तक सभी मंत्री यहां पर गृह प्रवेश कराकर यहां शिफ्ट होंगे।

दरअसल, नवा रायपुर में मंत्रियों और अधिकारियों के बंगले बनकर तैयार हो गए हैं। कृषि मंत्री रामविचार नेताम पहले मंत्री हैं, जो नवा रायपुर में शिफ्ट हो गए हैं। नवा रायपुर के सेक्टर-24 में मंत्रियों के बंगले बनकर तैयार हैं। पसंद के आधार पर मंत्रियों को बंगलों का आवंटन किया जा रहा है। संपदा विभाग ने मंत्रिमंडल के आधा दर्जन सदस्यों को आवंटन के बाद शेष मंत्रियों को बंगले आवंटन जारी करेगा। बताया जाता है कि यहां पर सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं को पुख्ता करने के बाद यहां पर शिफ्टिंग शुरू हो गई है। आने वाले समय में जल्द ही सभी मंत्रियों का पता नवा रायपुर सेक्टर-24 होगा। बताया जाता है कि मुख्यमंत्री की नवा रायपुर में शिफ्टिंग के बाद अब सभी मंत्रियों को दिसंबर माह के अंत तक वहां पर आवेटन कर शिफ्ट होने की संभावना है।

### राजभवन और स्पीकर हाउस हो रहा तैयार

सेक्टर 24 में नवा रायपुर में नया राजभवन और विधानसभा अध्यक्ष का बंगला भी तैयार हो रहा है। राजभवन का कैंपस 14 एकड़ में फैला हुआ है। इसमें दरबार हॉल के अलावा सेक्रेटेरियट बिल्डिंग व स्टाफ क्वार्टर बने हुए हैं। ये पूरी तरह से आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है. इस घर में मीटिंग हॉल से लेकर, गेस्ट रूम और अच्छे गार्डन भी बनाएं गए हैं। सुरक्षा के लिहाज से हर जगह सीसीटीवी भी लगे हैं। जवानों के लिए भी विशेष तौर पर मोर्चे भी हैं। कैमरों से आवास की मॉनिटरिंग सीधे कंट्रोल रूम से की जाएगी।



### केदार आज करेंगे गृह प्रवेश

नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-24 में वन मंत्री केदार कश्यप बुधवार को गृह प्रवेश करेंगे। सेक्टर-24 में मंत्रियों के बने बंगले में उन्हें एम-10 भवन आवंटित किया गया है। उनके गृह प्रवेश के कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री अरुण साव, कई मंत्री सहित भाजपा पदाधिकारी और विभाग के अधिकारी मौजूद रहेंगे। नवा रायपुर में शिफ्ट होने वाले वे मुख्यमंत्री के बाद दूसरे मंत्री होंगे। इसके पूर्व मंत्री रामविचार नेताम गृह प्रवेश कराकर वहां पर शिफ्ट हो चुके हैं।

### मंत्री बंगले 2 एकड़ में

मंत्रियों के बंगले 2 एकड़ में बनकर तैयार हुए हैं। वहीं, मुख्यमंत्री निवास अलग से 8 एकड़ में बनकर तैयार है। सेक्टर 24 में मंत्री के अलावा अधिकारियों के लिए 78 बंगले तैयार किए गए हैं, लेकिन शिफ्टिंग अभी तक केवल एक मंत्री व 10 अफसरों की हुई है। नवा रायपुर में तैयार इन दिनों बंगलों के रखरखाव में ही हर महीने लाखों रुपये खर्च हो रहे हैं। नवा रायपुर में शिफ्ट होते ही कामकाज में भी तेजी आएगी, साथ ही अनावश्यक खर्च में भी कमी आएगी।

## नई एजेंसी नए साल से करेगी निर्माण

# स्टेडियम की सुविधा के लिए अभी करना होगा इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रावांभाठा वार्ड में आउटडोर स्टेडियम निर्माण में फिर विलंब होने वाला है। करीब दो साल पहले जिस एजेंसी ने काम शुरू किया था, उसे निगम ने काम में लापरवाही के कारण ब्लैकलिस्टेड किया था। अब नई एजेंसी को काम देने के लिए दोबारा टेंडर प्रक्रिया की गई है। एमआईसी की स्वीकृति के बाद काम शुरू करवाने की तैयारी है। इसके कारण युवाओं को सुविधा के लिए इंतजार करना पड़ेगा। जिम्मेदारों का दावा है कि नए साल में निर्माण शुरू किया जाएगा।

- रावांभाठा में आउटडोर स्टेडियम नहीं बना, युवाओं की अटकी सुविधा

बिरगांव निगम अंतर्गत रावांभाठा में करीब एक एकड़ एरिया में आउटडोर स्टेडियम बनाने के लिए निगम के जिम्मेदारों ने जिस एजेंसी को काम करने वर्कआर्डर दिया, उसने प्रोजेक्ट को समय पर पूरा करना तो दूर आधारशिला भी नहीं रख पाई। इसे देखते हुए जिम्मेदारों ने पार्षदों की आपत्ति पर एजेंसी को ब्लैकलिस्टेड कर दिया। विवाद सुलझाने में समय लगने से नई एजेंसी तय करने की प्रक्रिया जिम्मेदार नहीं की और चुनावी आचार संहिता लग गई। अब आउटडोर स्टेडियम बनाने के लिए टेंडर करके नई एजेंसी तय की गई है। निगम सूत्रों ने बताया कि हालांकि प्रोजेक्ट शुरू होने के बाद काम बंद होने से फंड यथावत है। अब जिस एजेंसी को काम दिया जाएगा, उससे पहले बाउंड्री निर्माण करवाया जाएगा। इसके बाद स्टेडियम में तय काम करने का प्रावधान किया जाएगा।



### एमआईसी में सहमति के बाद वर्कआर्डर

स्टेडियम बनाने के लिए नई एजेंसी तय की गई है। अब एमआईसी की सहमति के बाद वर्कआर्डर किया जाएगा। नई एजेंसी से पूर्व में निर्धारित काम करवाने का प्रावधान किया जाएगा, ताकि युवाओं को आउटडोर गेम्स के लिए जरूरी सुविधा मिल सके।

**- नंदलाल देवांगन**, महापौर, नगर निगम, बिरगांव

### बनेगी बाउंड्री, गैलेरी, चेंजिंग रूम

युवाओं को आउटडोर स्टेडियम की सुविधा देने के लिए करीब दो साल पहले की गई कवायद के बाद निगम को सरकार से वित्तीय मंजूरी मिली। इसके बाद निगम के जिम्मेदारों ने निर्माण एजेंसी को बाउंड्री निर्माण के साथ ही मैदान समतल करने व दर्शकों के लिए गैलेरी निर्माण की जिम्मेदारी दी गई। इतना ही नहीं, चेंजिंग रूम और रोशनी की सुविधा देने का भी प्रावधान किया है। नई एजेंसी को भी पुराने प्रावधानों के तहत ही सभी निर्माण की जिम्मेदारी देने की तैयारी निगम प्रशासन ने की है।

### पहले स्टेडियम के लिए लंबा इंतजार

निगम क्षेत्र में एक भी सर्व सुविधायुक्त मैदान नहीं है। पहले स्टेडियम के लिए अभी और इंतजार करना पड़ेगा। रावांभाठा वार्ड में करीब 30 हजार की आबादी निवास करती है। इनके बीच सुविधाओं का अभाव लंबे अरसे से बना हुआ है। इसे देखते हुए 5 वार्ड के युवाओं को सुविधा देने के लिए निगम ने 1.10 करोड़ के प्रोजेक्ट को शुरू किया। एजेंसी पुरानी एजेंसी की मनमानी के कारण लोगों को मिलने वाली सुविधा अभी तक आकार नहीं ले पाई। अब यह सुविधा 2025 दिसंबर तक मिलने वाली है।

# कैट को शादी सीजन में 3 हजार करोड़ के अतिरिक्त व्यापार की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के पदाधिकारियों ने प्रदेश में देवउठनी एकादशी से शुरू हो रहे शादियों के सीजन में 16 दिसंबर तक 3 हजार करोड़ के अतिरिक्त व्यापार की उम्मीद जताई है। कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानंद जैन ने कहा है कि इस सीजन के व्यापार से 6 लाख करोड़ से अधिक का व्यापार होने से सामाजिक ढांचा मजबूत होगा।

- शादी का सीजन आज से शुरू, 18 दिनों तक चलेगा

अमर पारवानी ने बताया कि देवउठनी एकादशी के अवसर पर प्रदेश में अगले 16 दिसंबर तक शादियों के सीजन में लगभग 3,000 करोड़ का अतिरिक्त व्यापार संभावित है। सोमवार शादियों के सीजन का पहला दिन है, जो 18 दिनों तक चलेगा। इस अवधि में पूरे प्रदेश सहित देशभर में लगभग 48 लाख शादियां होने का अनुमान है, जो व्यापारिक गतिविधियों में जबरदस्त वृद्धि लाएगा और अगले एक महीने से अधिक समय तक प्रदेश सहित देश में गाजे बाजे की आवाज़ सुनाई देगी। सोमवार को प्रदेश सहित देशभर के विभिन्न राज्यों के मंदिरों एवं अन्य अनेक स्थानों पर तुलसी विवाह भी हुए। तुलसी का पौधा सीधा भगवान विष्णु से संबंधित होता है और देवउठनी एकादशी पर देशभर में भगवान श्री विष्णु के शालिग्राम स्वरूप का विवाह तुलसी माता से करवाया जाता है, जिसे बहुत शुभ माना गया है।

कैट के प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी ने बताया कि शादी के सीजन में कपड़े, आभूषण, सजावट, इलेक्ट्रॉनिक्स, फर्नीचर, उपहार और खानपान जैसे विभिन्न श्रेणियों के व्यापार में बड़ी वृद्धि होती है। वहीं बड़ी मात्रा में विभिन्न प्रकार के सेवा प्रदाताओं को भी बड़ा व्यापार मिलता है।

# मतदान से एक दिन पहले पुलिस का फ्लैग मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर पुलिस ने मतदान के एक दिन पहले मंगलवार को दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर लखन पटले, एडीएम देवेंद्र पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पश्चिम डीआर पोर्ते, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात अनुराग झा के नेतृत्व में निकाले के फ्लैग मार्च में नगर पुलिस अधीक्षक, उप पुलिस अधीक्षक एवं थाना प्रभारियों सहित प्रशासनिक अमला एवं रायपुर पुलिस के सैकड़ों अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए।



### इस रूट से गुजरा फ्लैग मार्च

पुलिस लाइन से महिला थाना, बंजारी चौक, शास्त्री चौक, जयस्तंभ चौक, मालवीय रोड कोतवाली चौक, सद्धानी चौक, सत्तीबाजार, आजाद चौक, आमापारा तिराहा, सारथी चौक लाखे नगर चौक, अश्विनी नगर, सुन्दर नगर, कुशालपुर दंतेश्वरी मंदिर आगे बांए टर्न कर, लाखे नगर चौक, टिल्लू चौक, लोहार चौक, लिली चौक, पुरानी बस्ती, थाना बूढ़ेश्वर चौक, कैलाशपुरी टर्निंग, कैलाशपुरी तिराहा, बजरंग चौक, शीतला मंदिर चौक, आरडीए बिल्डिंग टिकरापारा, सिद्धार्थ चौक, कालीबाड़ी, महिला थाना, ओसीएम, नंदी चौक, हरदेव लाला मंदिर चौक, कबीर चौक, पीडब्ल्यूडी चौक, नेताजी चौक, कटोरा तालाब संत कंवर चौक, बूढ़ीमाई मंदिर, गोवर्धन चौक, बूढ़ीमाई चौक, केनाल रोड, श्याम नगर चौक, कटोरा तालाब पीडब्ल्यूडी चौक, पुलिस लाइन आरआई गेट वापस पहुंचा।

## बिजनेस साइट

### प्रदीप टंडन पीएचडीसीसीआई के राज्य परिषद के चेयरमैन नियुक्त



**रायपुर।** प्रतिष्ठित व्यापारिक संगठन पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (पीएचडीसीसीआई) ने प्रदीप टंडन को राज्य परिषद का चेयरमैन नियुक्त किया है। यह संगठन भारतीय उद्योग, व्यापार और उद्यमिता को 119 वर्षों से बढ़ावा देने का कार्य कर रहा है।

पीएचडीसीसीआई एक दूरदर्शी और गतिशील संगठन है, जो भारतीय उद्योग की प्रगति में सरकार के साथ साझेदारी करता है। यह संगठन 1,50,000 से अधिक छोटे, बड़े और मध्यम उद्योगों से जुड़ा हुआ है और भारतीय अर्थव्यवस्था के एकीकृत विकास और प्रगति के लिए काम करता है। पी ए च डी सी सी आ ई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत संबंधों के माध्यम से भारतीय उद्योगों को वैश्विक बाजारों में प्रतिस्पर्धी बनाने में योगदान देता है।

# फेडरेशन में पेंशनर्स फोरम के गठन पर जताया ऐतराज

**भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ ने विरोध जताया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ इकाई ने छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन द्वारा फेडरेशन के घटक के रूप में राज्य में पेंशनर्स फोरम के गठन किए जाने पर ऐतराज जताया है। महासंघ के पदाधिकारियों ने इसका विरोध करते हुए कहा है, सेवा से रिटायर होने के बाद अनेक पेंशनर और पेंशनर संगठन के पदाधिकारी राजनैतिक दलों के सक्रिय सदस्य पदाधिकारी बनकर काम कर रहे हैं, ऐसे लोगों को कर्मचारी संगठन से जोड़ना सिविल सेवा आचरण अधिनियम का उल्लंघन करना है ।

- भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ ने मूल पेंशनर संगठनों से जुड़े रहने का आव्हान किया

भारतीय पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव, कार्यकारी प्रांताध्यक्ष जेपी मिश्रा ने कहा है , बिना सहमति के अन्य पेंशनर संगठनों जिसमें प्रमुख रूप से भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ के पदाधिकारियों और आजीवन सदस्यों को पेंशनर्स फोरम में जिला संयोजक बनाए जाने का पेंशनर्स महासंघ ने विरोध जताया है।

पदाधकारियों का कहना है, जो फेडरेशन अपनी मांग पत्र में पेंशनरों डी आर देने की मांग को जोड़ने में परहेज करता है, वह पेंशनरों की मांग कैसे पूरा कराएगा।

भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ ने पेंशनरों से अपने मूल पेंशनर संगठनों से जुड़े रहने का आव्हान किया है।

# टिनामेंट अपार्टमेंट में बनेंगे फ्लैट, प्रभावितों को व्यवस्थापन के तहत एलाटमेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर विकास प्राधिकरण की टिकरापारा योजना में निर्मित 50 साल पुराने टिनामेंट अपार्टमेंट वाली जगह पर प्रस्तावित 7 मंजिला आवासीय परिसर में प्रभावित मूल ओनर को व्यवस्थापन के तहत उसी परिसर में नियम अनुसार फ्लैट का एलाटमेंट प्राथमिकता से किया जाएगा। प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना है, सालों से टिनामेंट अपार्टमेंट में रह रहे मूल ओनर से उस जमीन का पैसा न लेकर उनसे कंस्ट्रक्शन कास्ट का पैसा लिया जाएगा। बाकी के बचे फ्लैट को सेलआउट करने की योजना है।

टिकरापारा क्षेत्र में स्थित पांच दशक पुराना जर्जर टिनामेंट अपार्टमेंट को जनहित में तोड़कर रायपुर विकास प्राधिकरण 7 मंजिला परिसर बनाएगा। जिसमें 2 बीएचके के 112 और 1 बीएचके के 56 फ्लैट का निर्माण किया जाएगा। परिसर में रहने वाले प्रभावितों से सहमति पत्र लेकर जर्जर निर्माण को तोड़ा जाएगा। वहां रहे वैध ओनर को नए अपार्टमेंट में व्यवस्थापन के तहत नियम अनुसार फ्लैट एलाटमेंट में प्राथमिकता दी जाएगी।


टूटेगा टिकरापारा का पांच दशक पुराना 96 टिनामेंट परिसर, 7 मंजिला बिल्डिंग बनेगी

### मूल ओनर से जमीन का पैसा नहीं लेंगे

टिनामेंट अपार्टमेंट में रहने वाले मूल ओनर को व्यवस्थापन के तहत फ्लैट एलाटमेंट में प्राथमिकता दी जाएगी। उनसे जमीन का पैसा नहीं लेंगे, कंस्ट्रक्शन कास्ट ही नियम अनुसार लिया जाएगा।

**- अनिल गुप्ता,** अधीक्षण अभियंता, रायपुर विकास प्राधिकरण

### छत्तीसगढ़ पब्लिक स्कूल में 'एक्सेला फेस्ट 2024'




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पब्लिक स्कूल टाटीबंध में दो दिवसीय इंटरस्कूल प्रतियोगिता 'एक्सेला फेस्ट 2024' का आयोजन 11 एवं 12 नवंबर को किया गया।

इस प्रतियोगिता में प्रदेश के कई मान्यता प्राप्त स्कूलों ने भाग लिया। कार्यक्रम में स्कूल के प्रधानाचार्य राकेश चतुर्वेदी ने अतिथियों का स्वागत किया। इस आयोजन का उद्देश्य छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करना, बहुमुखी प्रतिभा का विकास करना एवं शिक्षा के उत्थान को बढ़ावा देना है।

**पांच स्थानों पर पॉवर कंपनी ने बनाई है 77 सौ मेगावाट बिजली उत्पादन की योजना**

# मुख्यमंत्री के गृह जिले जशपुर में पानी से बनेगी 35 सौ मेगावाट बिजली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में बिजली की खपत लगातार बढ़ती जा रही है। खपत 65 सौ मेगावाट तक जा चुकी है। आने वाले समय में खपत में लगातार इजाफा होना तय है। ऐसे में छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी भी अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए लगातार योजनाएं बना रही है। 2030 तक अलग-अलग योजनाओं के माध्यम से 14 हजार मेगावाट का उत्पादन करने का लक्ष्य है। इसमें से 77 सौ मेगावाट बिजली पानी से बनेगी। पानी से बिजली बनाने की दो योजनाएं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के गृह जिले जशपुर में प्रारंभ करने की पूरी तैयारी पॉवर कंपनी ने की है। पानी से 35 सौ मेगावाट बिजली बनाने के लिए केंद्र सरकार की नवरत्न कंपनी टिहरी डेवलपमेंट कारपोरेशन से छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी जल्द ही एमओयू करने वाली है। इसके लिए पॉवर कंपनी के बोर्ड से मंजूरी का इंतजार है। यह कंपनी जशपुर के रौनी में 21 सौ मेगावाट और जशपुर के दनगरी में 14 सौ मेगावाट बिजली बनाने का काम करेगी। योजना के लिए वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने टर्म ऑफ रेफरेंस जारी कर दिया है।

राज्य सरकार इस समय बिजली उत्पादन की क्षमता को विशाल बनाने की दिशा में काम कर रही है। छत्तीसगढ़ के अलग राज्य बनने के बाद पहली बार छत्तीसगढ़ राज्य उत्पादन कंपनी के कोरबा पश्चिम में 660 मेगावाट के दो संयंत्र लगेंगे। इसके पहले सबसे बड़े दो संयंत्र 500-500 मेगावाट के मड़वा में लगे थे। कोरबा पश्चिम में पॉवर कंपनी के पास अपनी जमीन भी है। यहां 60 साल पुराने 50 मेगावाट के चार और 120 के दो संयंत्र प्रदूषण के कारण बंद हो चुके हैं।

### बोर्ड से मंजूरी के बाद होगा एमओयू

जशपुर की योजना के लिए बोर्ड से मंजूरी के बाद इसका एमओयू होगा, फिर काम प्रारंभ होगा।

**- एसके कटियार**, एमडी, पॉवर उत्पादन कंपनी



### अभी 2980 मेगावाट उत्पादन क्षमता

अलग राज्य बनने के बाद 2000 में राज्य में बिजली के मामले में ज्यादा सुविधाएं नहीं थीं। उत्पादन के मामले में यहां पर महज 1360 मेगावाट का ही उत्पादन होता था, लेकिन आज की स्थिति में यह उत्पादन 2980 मेगावाट हो गया है। मड़वा में जो 500 मेगावाट की दो यूनिट लगी है, उस यूनिट में जब करीब 9 साल पहले उत्पादन प्रारंभ हुआ था, तभी से उसकी बिजली तेलंगाना को देने का अनुबंध हो गया था। ऐसा इसलिए संभव हो सका, क्योंकि उत्पादन के मामले में राज्य सरप्लस हो गया था।

### अब नए संयंत्र की तैयारी

जिस तरह से तेजी से प्रदेश में उपभोक्ताओं की संख्या में इजाफा हो रहा है, उससे आने वाले समय में बिजली की बहुत ज्यादा जरूरत होगी। आज उपभोक्ताओं की संख्या करीब 65 लाख हो गई है। पहले बिजली की खपत रोज तीन हजार मेगावाट से भी कम रहती थी, आज खपत छह हजार से ज्यादा हो रही है। प्रदेश सरकार ने करीब दो दशक की खपत को देखते हुए ही योजना बनाकर कोरबा में 660 मेगावाट के दो संयंत्र लगाने की मंजूरी दी है। इसी के साथ अब पॉवर कंपनी मड़वा में भी एक 660 मेगावाट का संयंत्र लगाने के लिए डीपीआर बनाने की तैयारी है। इसके बाद प्रदेश सरकार से मंजूरी लेकर इस पर काम किया जाएगा।

### पानी से कहां कितनी बिजली बनेगी

रौनी जशपुर 2100
दनगरी जशपुर 1400
हसदेव बांगो कोरबा 1200
सिकासेर गरियाबंद 1200
कोटपाली बलरामपुर 1800

# पार्ट-फुल टाइम रोजगार देने की योजना ठंडे बस्ते में, नहीं मिल रहा महिलाओं को रोजगार

## जिला पंचायत रायपुर द्वारा आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत संचालित की जा रही थी योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

स्व-सहायता समूह की ट्रेनिंग प्राप्त महिलाओं या उनके परिवार के अन्य सदस्यों को पार्ट-फुल एवं घंटे के हिसाब से रोजगार उपलब्ध कराने के लिए जिला पंचायत रायपुर द्वारा संचालित की जा रही योजना पिछले कई महीनों से बंद है। इस योजना के तहत पंचायत भवन के सेकेंड फ्लोर पर हेल्प कंट्रोलरूम बनाया गया था। इस कंट्रोलरूम को भी हटा दिया गया है। इस हेल्प लाइन पर सामुदायिक संगठन, संस्था यहां किसी के घर या दुकान में कुकिंग, लांड्री, सेलून, हाउसकीपिंग, सुरक्षा गार्ड, केयर टेकर, कंप्यूटर ऑपरेटर, रिपेयरिंग सहित कोई भी जरूरत के अनुसार डिमांड आने पर उन्हें बाजार में निर्धारित सैलेरी या तय रेट पर संबंधित कार्य के लिए महिला कर्मचारी उपलब्ध कराया जाता था। इस योजना के तहत कई महिलाओं को रोजगार भी मिला है, लेकिन योजना के ठंडे बस्ते में जाने के बाद से समूह से जुड़ी महिलाओं को रोजगार मिलना भी बंद हो गया है।

पूर्व कांग्रेस शासन काल के दौरान जिले में स्व-सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं और उनके परिवार के सदस्यों को रोजगार दिलाने के साथ जरूरतमंदों को संबंधित कार्य में ट्रेनिंग प्राप्त महिला कर्मचारी आसानी से मिले। इसके लिए जिला पंचायत ने छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत अनूठी योजना लेकर आई थी। इस योजना के शुरू करने का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के साथ ऐसे जरूरतमंद संस्था-संगठन, परिवार या व्यक्ति को आसानी से अनुभवी एवं भरोसेमंद कर्मचारी भी कर्मचारी भी उपलब्ध कराना था, लेकिन राज्य में सरकार बदलने के बाद से यह योजना ठंडे बस्ते में चली गई है।

### एक कॉल या मैसेज से मिल जाता था रोजगार-कर्मचारी

इस योजना के तहत पंचायत भवन में कॉल सेंटर बनाया गया था। इसके लिए एक हेल्प लाइन तथा वाट्सग्रुप नंबर जारी किया गया था। इस हेल्प लाइन नंबर पर कॉल करने या वाट्सअप ग्रुप में मैसेज करने से बेरोजगार महिला को रोजगार और जरूरतमंदों को कर्मचारी मिल जाता था।

National Rural Livelihood Mission
राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन

### 500 को ट्रेनिंग देने का था लक्ष्य, यह काम भी अटका

बी-1 अंतर्गत जिले के चारों ब्लॉक में लगभग 500 महिलाओं को ट्रेनिंग देने का लक्ष्य रखा गया था। इसके तहत 40 महिलाओं को ट्रेनिंग देने के बाद विधानसभा चुनाव 2023 की घोषणा के कारण आचार संहिता लग गई थी, जिसके कारण यह लक्ष्य को भी पूरा नहीं किया जा सका है।

### बी-1 को मिलता था 1 प्रतिशत कमीशन

डिमांड के अनुसार जरूररतमंद को कर्मचारी उपलब्ध कराने के एवज में बी-1 को भी बतौर सेवा के रूप में तय सैलरी या तय रेट का 1 प्रतिशत कमीशन के रूप में लाभ होता था। यह कमीशन डिमांड करने वाली संस्था, संगठन या संबंधित व्यक्ति द्वारा दिया जाता था।

### कंट्रोलरूम को हटा दिया गया

बी-1 अंतर्गत पंचायत भवन में खोला गया हेल्प लाइन कंट्रोलरूम को यहां से हटा दिया गया है। योजना बंद नहीं हुई पर अभी काम रुका हुआ है।
- **विक्रम सिंह लोधी**, कार्यक्रम मैनेजर जिला पंचायत रायपुर

### 40 महिलाओं को दी गई थी ट्रेनिंग इनमें से ही कई महिलाएं बेरोजगार

महिला समूह की महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए जिला पंचायत द्वारा उन्हें उनके हूनर के अनुसार कार्य में कुशल बनाने के लिए ट्रेनिंग भी दी जा रही थी। इसके तहत पहले चरण में 40 महिलाओं को सिलाई, केटरिंग सहित विभिन्न कार्यों की ट्रेनिंग भी दी गई थी। ट्रेनिंग लेने वाली महिलाओं में कईयों को रोजगार भी मिल चुका है, लेकिन इनमें से अभी भी कई महिलाएं बेरोजगार है।

## खबर संक्षेप

### सर्व ब्राह्मण समाज ने मनाया दिवाली मिलन



**रायपुर।** सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा कैलाशपुरी स्थित प्रांतीय कार्यालय छत्तीसगढ़ सदन में दिवाली मिलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा का बुके, शॉल, श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। साथ ही समाज के लोगों ने पर्यावरण की सुरक्षा तथा प्रदूषण रोकने के लिए आगामी दिवाली को पटाखा मुक्त करने का आव्हान किया गया। इसके बाद सदस्यों ने गीत, गजल व भजन से माहौल को खूबसूरत बनाया। कार्यक्रम में नरेंद्र दुबे, आशीष दीवान, गिरीश दुबे, धनंजय शर्मा, हेमंत शर्मा, मनीष मिश्रा, ऋषि तिवारी सहित पदाधिकारी व सदस्य शामिल थे।

### सरकार की नीतियों को चुनौती हाईकोर्ट ने खारिज की याचिका

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने हाल ही में एक अतिथि व्याख्याता की अपील खारिज कर दी, जिसमें सरकार की उस नीति को चुनौती दी गई थी, जिसके तहत अस्थायी अतिथि व्याख्याताओं की जगह उच्च योग्यता वाले नए उम्मीदवार रखे जा सकते हैं। सीजे की बेंच ने शैक्षणिक संस्थानों में योग्य और सक्षम संकाय के पक्ष में नीतियों को लागू करने के राज्य के अधिकार को बरकरार रखा है। याचिका में प्रदेश के कॉलेजों में अतिथि व्याख्याताओं के लिए जारी विज्ञापन को निरस्त करने समेत अन्य मांग की गई थी। इस पर शासन की ओर से कहा गया कि अतिथि व्याख्याताओं की भर्ती के लिए नई नीति जारी की गई है। यूजीसी के मापदंडों के अनुसार बनाई गई नई नीति से बेहतर उम्मीदवार मिल सकेंगे। गर्ल्स कॉलेज में अतिथि व्याख्याता राजनीति शास्त्र के पद पर कार्यरत रही गायत्री शर्मा ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। इसमें सिंगल बेंच से याचिका खारिज होने के बाद डीबी में अपील की गई थी।

### 32 पौवा देशी शराब जब्त कोचिया गिरफ्तार

**रायपुर।** नेवरा पुलिस ने एक शराब कोचिए को गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम तुलसी खरोरा में एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब बेचने का काम करता है। इस सूचना पर पुलिस ने आरोपी देवानंद जांगड़े को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 32 पाव देशी शराब जब्त की है, जिसकी कीमत करीब 3520 रुपए बताई गई है। मामले में आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

## ठंड कम पड़ने की वजह से हवा में थोड़ी राहत

# पीएम 2.5 का स्तर 500 तक, औसत से कई गुना ज्यादा जहरीली हुई राजधानी की हवा


हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी की हवा अन्य वर्षों की अपेक्षा ज्यादा जहरीली हो गई है। पिछले दो वर्षों की आंकड़ों पर नजर डालें, तो इस वर्ष पीएम 2.5 का स्तर पिछले साल की अपेक्षा डेढ़ गुना ज्यादा है। पिछले वर्ष नवंबर में पीएम 2.5 का स्तर जहां अधिकतम 309 तक पहुंचा है, इस बार पीएम 2.5 का स्तर पांच सौ तक पहुंच गया। पिछले वर्ष की तुलना में इस बार अभी ठंडी कम पड़ रही है। ठंड ज्यादा होने से हवा का स्तर और खराब हो सकता है।

गौरतलब है कि पीएम 2.5 का स्तर 60 से ज्यादा नहीं होना चाहिए, पीएम 2.5 का वार्षिक औसत 40 होना चाहिए। डब्लूएचओ के मुताबिक 2.5 का स्तर पांच से ज्यादा नहीं होना चाहिए। इस साल छह नवंबर को ही पीएम 2.5 का न्यूयनतम स्तर 61 रहा है। शेष अन्य दिनों में पीएम 2.5 का न्यूनतम स्तर 68 से 172 तथा अधिकतम 104 से 105 के बीच रहा है। इसी तरह से पीएम 10 का स्तर पूरे नवंबर माह में बिगड़ा हुआ रहा है।

### पिछले वर्ष की तुलना में इस बार नवंबर में हवा ज्यादा जहरीली हुई





फाइल फोटो

### दिसंबर में हवा और जहरीली होने की आशंका

वर्तमान स्थिति को देखते हुए जानकार आगामी दिनों में ठंड बढ़ने के बाद एक्यूआई का स्तर और खराब होने की आशंका व्यक्त कर रहे हैं। इसकी वजह ठंड के दिनों में हवा का दबाव कम हो जाता है। इसके कारण प्रदूषण का स्तर तेजी से बढ़ता है।

### पीएम 2.5 का स्तर पहली बार पांच सौ पहुंचा

रायपुर में पीएम 2.5 तथा पीएम 10 का स्तर दो से तीन सौ के बीच रहा है। इस बार मौसम अनूकुल रहने के बाद भी पीएम 2.5 तथा पीएम 10 का स्तर एक नवंबर तथा दो नवंबर को पांच सौ से 448 तथा 412 पर पहुंचा है। पीएम 2.5 तथा पीएम 10 का स्तर बढ़ने की वजह पर्यावरण प्रदूषण मंडल के अफसर भी नहीं बता पा रहे हैं।

### एक्यूआई का स्तर डेढ़ गुना ज्यादा

एयर क्वालिटी इंडेक्स की स्थित पिछले वर्ष से ज्यादा भयावह है। एक्यूआई का लेवल पिछले वर्ष जहां एक से 10 नवंबर के बीच 53 से 141 के बीच रहा इस बार एक्यूआई का स्तर 86 से 172 के बीच रहा। इस वर्ष ठंड कम पड़ने का साथ पिछले वर्ष की अपेक्षा ज्यादा हवा चल रही है। इस स्थिति में यह हाल है। ठंड पड़ने और हवा का दबाव कम होने की स्थिति में एक्यूआई का स्तर और खराब हो सकता था।

### स्तर सुधारने उपाय नहीं

पर्यावरण प्रदूषण मंडल का काम प्रदूषण का स्तर नापने के साथ हवा की स्थिति खराब होने पर सुधार करने के उपाय करने का है, लेकिन राज्य में पर्यावरण प्रदूषण मंडल सफेद हाथी साबित हो रहा है। पर्यावरण प्रेमी तथा जानकारों के मुताबिक पर्यावरण प्रदूषण मंडल ने एयर क्वालिटी इंडेक्स का स्तर सुधारने किसी तरह से कोई उपाय नहीं कर रहा है, जिसके कारण रायपुर में एक्यूआई का स्तर हर साल बिगड़ता जा रहा है।

# जनभागीदारी से जल संचय में छत्तीसगढ़ देशभर में अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

जनभागीदारी से जल संचय में छत्तीसगढ़ पूरे देश में पहले स्थान पर है। केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई इस पहल पर उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जल संसाधन विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को बधाई दी है। छत्तीसगढ़ राज्य में जल संचय, जनभागीदारी पहल के तहत जल संचय के एक लाख 53 हजार 533 कार्य पूर्ण किए गए हैं तथा 10 हजार 872 कार्य प्रगतिरत हैं। इस कार्यक्रम के क्रियान्वयन में देश के पहले 10 जिलों में छत्तीसगढ़ के 8 जिलों ने अपना स्थान बनाया है।



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जल संसाधन विभाग को दी बधाई

छत्तीसगढ़ में जनभागीदारी से जल संचय के कार्यों में राज्य में पहले स्थान पर रायपुर जिला है, जहां 35 हजार 758 जल संचय के कार्य पूर्ण किए गए हैं तथा 5064 कार्य प्रगतिरत हैं। दूसरे स्थान पर बिलासपुर है, जहां 16389 कार्य पूर्ण किए गए हैं तथा 1643 कार्य प्रगति पर हैं। तीसरे स्थान पर रायगढ़ जिला है, जहां 16629 कार्य पूर्ण किए गए हैं तथा 662 कार्य प्रगति पर हैं। चौथे स्थान पर बलौदाबाजार-भाटापारा जिला है, जहां 16,730 कार्य पूर्ण किए गए हैं तथा 300 कार्य प्रगति पर हैं। पांचवे स्थान बलरामपुर-रामानुजगंज जिला है, जहां 8618 कार्य पूर्ण किए गए हैं तथा 586 कार्य प्रगति पर हैं। छठवें स्थान पर गरियाबंद जिला है, जहां 6899 कार्य पूर्ण किए गए हैं तथा 634 कार्य प्रगति पर हैं। सातवें स्थान पर दुर्ग जिला है, जहां 4915 कार्य पूर्ण किए गए हैं तथा 609 कार्य प्रगति पर हैं। दसवें स्थान पर धमतरी जिला है, जहां 3706 कार्य पूर्ण किए गए हैं तथा 107 कार्य प्रगति पर हैं।

### पीएम मोदी के संकल्प का प्रतिबिंब है यह योजना

गौरतलब है कि जल संचय जन भागीदारी पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जल संरक्षण को राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाने के अटूट संकल्प का प्रतिबिंब है। यह पहल जल संरक्षण में जन भागीदारी के महत्व पर जोर देती है और सामूहिक पहल एवं एकजुटता से जलसंरक्षण की संकल्पना को साकार करती है। इस योजना का प्रमुख उद्देश्य अन्य गतिविधियों के अलावा कृत्रिम पुनर्भरण संरचनाओं, बोरवेल पुनर्भरण शाफ्ट के निर्माण पर विशेष बल दिया गया है, जिससे भंडारण क्षमता बढ़ेगी और भू-जल पुनर्भरण को बढ़ाने में मदद मिलेगी।

**6 किमी तक खून के धब्बे एवं पग मार्ग ट्रेस किया**

# हाथी के घायल बच्चे को एंटीबायोटिक दवा खिलाने के प्रयास में जुटा वन विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर/धमतरी

पोटाश बम से हाथी के घायल बच्चे को एंटीबायोटिक दवा खिलाने के प्रयास को सफलता नहीं मिल पाई है। वन विभाग ड्रोन कैमरे से हाथी की निगरानी में जुटा है। बताया जा रहा है कि घायल हाथी का स्वास्थ्य ठीक है। वह हाथी दल के साथ विचरण कर रहा है।

उल्लेखनीय है कि 7 नवंबर को उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के सीतानदी परिक्षेत्र के सातलोर बीट में 38 से 40 हाथियों का दल विचरण कर रहा था। यहां खून बिखरे होने की सूचना रिसगांव वन परिक्षेत्र अधिकारी को मिली। पतासाजी करने पर वन विभाग को पोटाश बम का टुकड़ा मिला। 8 नवंबर को पोचिंग टीम ने मौका मुआयना किया। 6 किमी तक खून के धब्बे एवं पग मार्ग ट्रेस किया गया। 10 नवंबर को ड्रोन और स्टाफ की मदद से 5-6 साल के हाथी के जबड़े और पैर में सूजन का पता लगा। इस मामले में पोटाश बम रखने वाले व्यक्ति की सूचना देने वाले को 10 हजार के इनाम की घोषणा वन विभाग ने की है।







### घायल बच्चा हाथी अपने दल के साथ विचरण कर रहा

मंगलवार को उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर वरूण जैन ने बताया कि घायल बच्चा हाथी अपने दल के साथ विचरण कर रहा है। ड्रोन कैमरे से लगातार निगरानी की जा रही है। बच्चा हाथी को महुआ का लड्डू बनाकर एंटी बायोटिक दवा खिलाने के लिए हाथी विचरण क्षेत्र में रखा गया है। हाथी का बच्चा महुआ लड्डू से करीब 200 मीटर की दूरी पर है। अभी तक हाथी ने एंटीबायोटिक दवा नहीं खाया है।

# बाघ की मौत पर सीएम साय सख्त वनरक्षक और वनपाल निलंबित

## कोरिया जिले में मिला था बाघ का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

कोरिया जिले में बाघ की मौत की घटना को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री ने वन विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों से वनों की रक्षा और वन्यजीवों के संरक्षण के लिए मुस्तैदी से कर्तव्यों का पालन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस संबंध में किसी भी लापरवाही पर संबंधितों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। इधर कोरिया वनमण्डल बैकुंठपुर अंतर्गत परिक्षेत्र सोनहत के रामगढ़ सर्किल के वनरक्षक पीतांबर लाल राजवाड़े और वनपाल रामप्रताप सिंह को शासकीय कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही एवं उदासनीता के कारण सरगुजा वनवृत्त अंबिकापुर के मुख्य वन संरक्षक माथेश्वरन वी. ने निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में श्री राजवाड़े एवं वनरक्षक को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

■ जहरखुरानी से मौत होने की संभावना जता रहे वन अफसर


ाज्य के जंगल बने बाघों के लिए कब्रगाह
ालभर में दो की मौत, मॉनिटरिंग फेल

मुख्य वन संरक्षक अंबिकापुर के अनुसार वनरक्षक बीट प्रभारी गरनई पिताम्बर लाल राजवाड़े और वनपाल वन परिक्षेत्र रामगढ़ रामप्रताप सिंह के द्वारा अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन में उदासीनता एवं घोर लापरवाही बरते जाने के कारण निलंबित किया गया है।

वनपाल श्री सिंह और वनरक्षक श्री राजवाड़े का कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 का उल्लंघन/कदाचरण पाये जाने के फलस्वरूप छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 9 (1) (क) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए मुख्यालय बैकुंठपुर वनमण्डल कोरिया निर्धारित किया गया है।

### वन क्षेत्रपाल से मांगा स्पष्टीकरण

परिक्षेत्राधिकारी सोनहत के वन क्षेत्रपाल विनय कुमार सिंह से क्षेत्र में टाइगर की मृत्यु के संबंध में स्पष्टीकरण मांगा गया है। मुख्य वन संरक्षक अंबिकापुर ने बताया कि सोनहत के बीट गरनई कक्ष क्रमांक पी-196 वनभूमि कुदरी में खनखोपड़ नाला के किनारे एक टाइगर मृत होने की सूचना मिली थी। सूचना मिलने पर वनमण्डलाधिकारी और संचालक गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान बैकुंठपुर के साथ मौके पर पहुंचीं। एक नर टाइगर खनखोपड़ नाले के किनारे मृत अवस्था में पाया गया। उक्त टीम के अभिमत अनुसार बाघ की मृत्यु का कारण जहरखुरानी संभावित है। इस संबंध में वन क्षेत्रपाल से स्पष्टीकरण 3 दिवस के भीतर मांगा गया है।

### कलेक्टर-एसएसपी ने मतदान केंद्रों का रात में किया निरीक्षण

**रायपुर।** रायपुर दक्षिण विधानसभा उप निर्वाचन 2024 के तहत कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह और एसएसपी संतोष सिंह ने मतदान केंद्रों का मंगलवार की रात में निरीक्षण किया। इस दौरान मतदान केंद्रों में पहुंचे मतदान दल से केंद्र में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। साथ ही मतदान केंद्रों में बूथ के बाहर में एक कतार में बेंच एवं कुर्सी लगाने के निर्देश दिए।









